
संताल एक्सप्रेस ई-पेपर
www.santalexpress.com
https://epaper.santalexpress.com
पर पढ़े ........
29 अक्टूबर 2024, मंगलवार
पृष्ठ-8 मूल्य : 2 रुपये
दुमका, वर्ष- 07, अंक - 36
Email-santalexpress20@gmail.com

संताल परगना की आवाज
# संताल एक्सप्रेस

## धनतेरस आज




धनतेरस सबसे प्रमुख हिंदू त्योहारों में से एक है, जिसे पूरे देश में बेहद उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाता है। इस शुभ दिन पर लोग विभिन्न धार्मिक गतिविधियों में शामिल होते हैं। धनतेरस के दिन भगवान कुबेर, भगवान धन्वंतरि और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। धनतेरस पर सोना-चांदी,आभूषण और बर्तन की खरीदारी करना बहुत ही शुभ माना गया है। इस बार धनत्रयोदशी 29 अक्टूबर यानी कल मनाया जाएगा।

ISO 9001: 2015 CERTIFIED
IICC®
A New Way of Career
27 ANNIVERSARY
N·S·D·C National Skill Development Corporation
Transforming the skill landscape
MASTER DEGREE / BACHELOR DEGREE / DIPLOMA for........
FASHION DESIGN
INTERIOR DESIGN
UGC-NSDC, INSTITUTION
Reasons to join
- Oldest and pioneer institutions of jharhand
- Received more than 27 awards (national & state)
- 100% placement Assistance
- Campus selection
- Fashion Shows
- Spoken English, P.D. Classes
- Instruction in HINDI Also
- Hostel Facilities
Triple Degree & Certificate
100% scholarship for sc/st students for E-kalyan
MOB- 9934611000,06512999991
WEB- www.iicc.org.in
Kataruka House, Beside Hotel Sartaj, Main Road, Ranchi - 834001

# बाबूलाल मरांडी, हफिजुल हसन, नारायण दास, सुनील सोरेन, लुईस मरांडी, सीता सोरेन ने किया नामांकन








## बांग्लादेश से मिली है भाजपा, सीमा पर केंद्र के जवान फिर भी घुसपैठ : हेमंत



**देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** शहर के पत्थरचपटी आम बागान में महती चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि विधानसभा चुनाव इस राज्य के ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां एक ओर गरीब मजदूर किसान है। दूसरी ओर व्यापारी और धनवान, कॉरपोरेट पूंजीपति चुनाव लड़ रहा है। कमरतोड़ महंगाई से लोगों का जीना मुहाल हो गया है। तेल, अनाज, दाल जैसे महत्वपूर्ण समान की कीमत आसमान छू लिया है। इससे निजात दिलाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा इसी को देखते हुए मंईयां सम्मान योजना लाया। दिसंबर महीना से सम्मान राशि 2500 मिलेगी। उनकी सरकार आएगी तो साल में एक- लाख रुपया महिलाओं को खाते में सीधे भेजेंगे।किसान को भगवान भरोसे छोड़ दिया गया है। वर्षा पर किसान निर्भर हैं। देश के विभिन्न राज्य के सुखाड़ से किसान आत्महत्या को मजबूर हो रहे हैं, मगर केंद्र सरकार के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा है। कहा कि उनकी सरकार 2 लाख तक किसानों को ऋण माफी किया। बकाया बिजली बिल माफ किया। 200 यूनिट बिजली बिल फ्री किया। काला कानून के विरोध में कई किसानों की जान चली गई। लेकिन केंद्र सरकार किसानों के हित में कोई काम नहीं किया है।

पूर्णिया सांसद राजीव रंजन उर्फ पप्पू यादव ने कहा कि हेमंत सोरेन सिदो कान्हो क्रांति के प्रतीक है । इन्होंने झुकना नहीं सीखा, झारखंड के सम्मान की लड़ाई लड़ा। बीजेपी ने झारखंड को सबसे अधिक लूटा है।उसके कारण झारखंड में गरीबी, बेरोजगारी ज्यादा हुआ है झारखंड को अगर बढ़ाने का कोई काम किया है वह हेमंत सोरेन ने किया है। मधुपुर से हफीजुल हसन को ऐतिहासिक वोट से विजय बनाना है।

मौके पर झामुमो प्रत्याशी सह मंत्री हफीजुल हसन ने कहा कि उनका खून का एक-एक कतरा मधुपुर के लिए काम आएगा। कहा कि मधुपुर की मधुपुरियत बनाए रखने के लिए हमेशा आगे आकर काम किया और करेंगे। कहा उन्हें विधायक चुन हेमंत सोरेन को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाएं।

## कांग्रेस के मोहब्बत की दुकान में नफरत बैठा है : शिवराज सिंह



**देवघर (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** सोमवार को केंद्रीय कृषि व ग्रामीण विकास मंत्री सह झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान बाबा नगरी देवघर में थे। वह स्थानीय केकेएन स्टेडियम में आयोजित देवघर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी नारायण दास की नामांकन रैली सभा को संबोधित कर झारखंड की राजनीतिक साथ गए। सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस, आरजेडी व झामुमो की सरकार पर जमकर बरसे। सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस के मोहब्बत की दुकान में नफरत बैठा है। हेमंत सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा कि उनके एक मंत्री इरफान अंसारी ने मां समान बहन सीता का अपमान किया है। सीता सोरेन शिबू सोरेन की पुत्रवधू व हेमंत सोरेन की मां समान भाभी है। केंद्रीय मंत्री ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि रावण ने माता सीता का अपमान किया था तो वंश का विनाश हो गया था और लंका जल गई थी। हेमंत ने भी बहन सीता का अपमान किया है। हम कांग्रेस, राजद व झामुमो की पाप की लंका को जलाकर राख कर देंगे। उन्होंने सवाल भरे लहजे में कहा कि आज झारखंड के संथाल परगना इलाके में अंकित, रूबिया पहाड़िया जैसे बहन बेटियों क्या हाल हुआ। आज संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिए माया के भ्रम जाल में फंसकर पहले शादी करते हैं और जमीन हड़पकर उन्हें टुकड़े-टुकड़े कर फेंक देते हैं। आज झारखंड में महिलाओं का सम्मान सुरक्षित नहीं है। राज्य में 7400 से ज्यादा दुष्कर्म की घटना घटी है। आप कब तक चुप बैठोगे। आज झारखंड में अपराधी खुलकर खेल रहे हैं और कानून व्यवस्था चौपट है।

## 3 माह से हेमंत सोरेन के संपर्क में थीं डॉ.लुईस मरांडी : हिमंता



**दुमका (संताल एक्सप्रेस संवाददाता)।** असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने यह खुलासा किया है कि डॉ. लुईस मरांडी तीन माह से हेमंत सोरेन के संपर्क में थीं।इसकी जानकारी भाजपा के बड़े नेताओं को थी।हिमंता विस्वा सरमा सोमवार को दुमका जिला के चार विधान सभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के मौके पर दुमका आए थे। यहां यज्ञ मैदान में नामांकन सह आशीर्वाद सभा को संबोधित करने के बाद असम सीएम हिमंता विस्वा सरमा पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।पत्रकारों ने जब दुमका से डॉ.लुईस मरांडी को टिकट नहीं मिलने पर सवाल पूछा तो जवाब में उन्होंने कहा कि लुईस मरांडी काफी दिनों से करीब तीन माह से हेमंत सोरेन के संपर्क में थीं जिसकी जानकारी हमलोगों को थी।हमलोगों को संदेह था कि अगर लुईस मरांडी को नामांकन करा दिया जाता तो वह ऐन मौके पर नामांकन वापस ले लेती।हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि अगर ऐसा नहीं था तो उनको जेएमएम से टिकट कैसे मिल गया।कोई भी पार्टी किसी को एक दिन में टिकट नहीं देती है। भाजपा के इस आरोप पर कि असम के सीएम आग लगाने झारखंड आते हैं,हिमंता विस्वा सरमा ने कहा कि हनुमान ने भी लंका में आग लगाई थी।मैं झारखंड में बांग्लादेशी घुसपैठियों के बीच आग लगाने आता हूं।घुसपैठियों को यहां से भगा कर झारखंड को आदिवासियों और मूलवासियों का स्वर्ण भूमि बनाना भाजपा का लक्ष्य है।हिमंता विस्वा सरमा ने स्पष्ट किया कि सभी मुसलमान बांग्लादेशी घुसपैठिये नहीं हैं।पर हर पांच साल में जिस अनुपात में मुसलमानों की संख्या बढ़ रही है,उससे यह साफ पता चलता है कि यहां घुसपैठ हो रही है।हिमंता विस्वा सरमा ने आज ही सोशल मीडिया में वायरल बांग्लादेशी घुसपैठियों से सम्बंधित झारखंड सरकार के एक सरकारी पत्र की पत्रकारों को याद दिलाई।

## जमशेदपुर में 1.57 करोड़ के आभूषण जब्त



**पूर्वी सिंहभूम ।** चुनाव ड्यूटी में लगे टाटानगर आरपीएफ की उडनदस्ता टीम ने टाटानगर स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास से 1.44 किलो सोना और 51 किलो चांदी सहित अन्य आभूषण जब्त किए हैं। इस संबंध में एक व्यक्ति को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम विवेकानंद झा बताया और बताया कि वह जुगसलाई गोशाला नाला रोड का रहने वाला है। बरामद गहनों की कीमत एक करोड़ 57 लाख 79 हजार 614 रुपये आंकी गई है। मामले की सूचना आयकर विभाग और जीएसटी विभाग को भी दे दी गई है।

## वडोदरा में सी-295 का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है : मोदी

संवाददाता

**नई दिल्ली ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गुजरात के वडोदरा में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज के साथ संयुक्त रूप से टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएएसएल) परिसर में सैन्य विमान सी-295 विमान के निर्माण के लिए टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सी-295 विमान का कारखाना नए भारत की नई कार्य संस्कृति को दर्शाता है। उन्होंने कहा, टाटा-एयरबस विनिर्माण सुविधा भारत-स्पेन संबंधों और मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड मिशन को मजबूत करेगी।

इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मेरे मित्र पेड्रो सांचेज की यह पहली भारत यात्रा है। आज से हम भारत और स्पेन की साझेदारी को नई दिशा दे रहे हैं। हम सी-295 विमान के निर्माण के लिए कारखाने का उद्घाटन कर रहे हैं। यह फैकटरी न केवल भारत और स्पेन के संबंधों को मजबूत करेगी, बल्कि %मेक इन इंडिया, मेक फॉर द वर्ल्ड% के मिशन को भी मजबूत करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके लिए टाटा और एयरबस की टीमों को बधाई दी।



प्रधानमंत्री मोदी ने टाटा संस के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा को श्रद्धांजलि दी। टाटा का इस महीने की शुरुआत में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। असल में इस परियोजना की मूल रूप से 2012 में रतन टाटा ने ही कल्पना की थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कुछ समय पहले, हमने देश के बेटे रतन टाटा को खो दिया। अगर वे आज हमारे बीच होते, तो उन्हें बहुत खुशी होती, लेकिन उनकी आत्मा जहां भी होगी, वो खुश होगी।

## बरहेट और टुंडी से भाजपा ने की उम्मीदवारों की घोषणा

### बरहेट से गमालियल व टुंडी से विकास को बनाया उम्मीदवार

संवाददाता

**रांची ।** भाजपा ने दो सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषण कर दी है। इन दो सीटों में बरहेट और टुंडी का नाम शामिल है, जहां बरहेट से गमालियल हेंब्रम का नाम है, वहीं टुंडी से विकास महतो को उम्मीदवार बनाया गया है। गमालियल हेम्ब्रम ने पांच साल पहले पारा टीचर की नौकरी छोड़कर राजनीति में कदम रखा। गमालियल हेम्ब्रम को खेल से गहरा लगाव है। क्षेत्र में बड़े पैमाने पर फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने के लिए जाने जाते हैं। वर्ष 2019 में हेमंत सोरेन के खिलाफ विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं।



तब आजसू पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े थे।

इस संबंध में सोमवार को भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने सूची जारी की है। उल्लेखनीय है कि भाजपा की यह दूसरी सूची है। इससे पहले भाजपा ने 66 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की थी।

## नालाः 4 लाख 24 हजार रुपया जब्त



संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**नाला (जामताड़ा) ।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चेकपोस्ट में तैनात पुलिस पदाधिकारी तथा एसएसटी तथा एफएसटी की टीम के द्वारा कुल 4,24,500 जप्त किया है। इस संबंध में नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा, एफएसटी नयन कुमार ने संयुक्त रूप से प्रेस रिलीज कर जानकारी दी है।इस संबंध में नाला थाना प्रभारी प्रदीप राणा ने बताया कि एक चार पहिया सिफ्ट गाड़ी कलकत्ता से गोड्डा जा रही थी जिसमें 1 लाख 49 हजार 500? जप्त की गई है वहीं एक पिकअप गाड़ी नाला से पश्चिम बंगाल की ओर जा रही थी जिससे 2 लाख 75 हजार बरामद हुआ। मालूम हो कि दो अलग-अलग वाहनों में जांच के दौरान राशि जप्त की गई है। इस अवसर पर एफएसटी नयन कुमार ,थाना प्रभारी प्रदीप राणा ,पु0अ0नि0 अमर सिंह तापेय, पु0अ0नि0 अलीत सागर केरकेट्टा,सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।थाना प्रभारी ने बताया कि उक्त जप्त राशि जिला स्क्रीनिंग कमेटी को सुपुर्द की जाएगी ।

### पाकुड़ में जांच के दौरान 4 लाख 17 हजार रुपए जब्त

**पाकुड़।** विधानसभा आम चुनाव 2024 व आदर्श आचार संहिता के नियमों का पालन के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था चुस्त दुरुस्त कर दिया गया है। इस निमित परिवहन विभाग और मुफ्फासिल थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर छोटी- बड़ी एवं दोपहिया वाहन की जमकर जांच पड़ताल की जा रही है। वाहनों के दस्तावेज के साथ-साथ आवश्यक जांच की जा रही है। आवश्यक कागजातों के अभाव में समाचार लिखे जाने तक 74,450 रुपये जुर्माने के तौर पर चालान काटा गया। बीते रविवार देर रात को अन्तर्राज्यीय चेकपोस्ट, चाँदपुर पर चेकिंग के दौरान जसीमुद्दीन मोहम्मद कोलकाता, पश्चिम बंगाल के पास से उचित जवाब नहीं मिलने पर 1,50,000 रुपये , गुरूदास गणराय, वीरभूम, पश्चिम बंगाल के पास से उचित जवाब न मिलने पर 2,67,500 रुपये विधिवत जब्त किया।

## ईडी ने झारखंड सहित पांच राज्यों में 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बैंक धोखाधड़ी मामले में नागपुर स्थित व्यवसायी मनोज जायसवाल, उनकी बिजली कंपनी कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उसके अन्य प्रमोटरों की 503.16 करोड़ रुपये की संपत्ति जब?त की है। ये हाई-प्रोफाइल मामला 4,037 करोड़ रुपये के बैंक धोखाधड़ी से जुड़ा हुआ है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि ईडी की नागपुर इकाई ने मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और उनके प्रमोटरों यानी निदेशकों मनोज जायसवाल, अभिजीत जायसवाल, अभिषेक जायसवाल और अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 503.16 करोड़ रुपये मूल्य की चल-अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त किया है। केंद्रीय जांच एजेंसी के मुताबिक बैंक धोखाधड़ी के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत 24 अक्टूबर, 2024 को महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर स्थित इन संपत्तियों को जब्त किया गया है। केंद्रीय जांच एजेंसी कहा कि जब्त की गई संपत्तियों में बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड, शेयर, विभिन्न भू-संपत्तियां और मेसर्स कॉरपोरेट पावर लिमिटेड और और इसके



निदेशकों मनोज कुमार जायसवाल और अन्य के परिवार के सदस्यों के अलावा विभिन्न शेल कंपनियों के नाम पर अर्जित भवन शामिल हैं। केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने कहा कि कार्रवाई के तहत महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और आंध्र प्रदेश के विभिन्न स्थानों से संपत्तियां, भवन, बैंक बैलेंस, म्यूचुअल फंड और शेयर बरामद किए गए हैं। ईडी ने कहा कि इस मामले में अब तक कुल कुर्की यानी जब्ती करीब 727 करोड़ रुपये की हुई है।

# झारखंड विस चुनाव में एनडीए और इंडी गठबंधन में परिवारवाद हावी

संवाददाता

**रांची ।** झारखंड में होने वाले विधानसभा चुनावों में कांटे की टक्कर देखने को मिल सकती है। एनडीए और इंडी गठबंधन ने अधिकतर सीटों पर अपने उम्मीदवार घोषित कर दिये हैं। दोनों गठबंधनों की ओर से अब तक घोषित उम्मीदवारों में से 40 ऐसे प्रत्याशियों के परिवार की मजबूत राजनीतिक पृष्ठभूमि रही है। इनमें 17 भाजपा, 10 झामुमो, आठ कांग्रेस, दो आजसू, दो माले और एक राजद के हैं। दोनों गठबंधनों ने राजनीतिक परिवारों से जुड़े जिन प्रत्याशियों को टिकट दिया है, उनमें मुख्यमंत्री, पूर्व मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, पूर्व मंत्री, विधायक, पूर्व विधायक के रिश्तेदार शामिल हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के पुत्र हेमंत सोरेन (बरहेट), बसंत सोरेन (दुमका), बहू सीता सोरेन (जामताड़ा), कल्पना सोरेन (गांडेय) चुनाव लड़ रहीं हैं। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पुत्र बाबूलाल सोरेन घाटशिला से चुनाव लड़ रहे हैं। जबकि, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा पोटका व मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा जगन्नाथपुर से चुनाव लड़ रही हैं। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहु जमशेदपुर पूर्वी से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रही हैं। भवनाथपुर से भाजपा प्रत्याशी भानुप्रताप शाही के पिता हेमेंद्र प्रताप शाही झारखंड सरकार में मंत्री रहे हैं। सिसई के भाजपा उम्मीदवार आइपीएस अधिकारी रहे अरुण उरांव के पिता बंदी उरांव बिहार सरकार में मंत्री रह चुके हैं। मधुपुर विधानसभा सीट से झामुमो के प्रत्याशी हफीजुल हसन, शिकारीपाड़ा के प्रत्याशी आलोक सोरेन, तमाड़ के प्रत्याशी विकास मुंडा के पिता भी मंत्री रह चुके हैं। मनोहरपुर के झामुमो प्रत्याशी जगत मांझी की मां मंत्री और पिता विधायक रहे हैं। कांग्रेस की बड़कागांव की प्रत्याशी अंबा प्रसाद, मांडर की प्रत्याशी शिल्पी नेहा तिर्की, बेरमो के प्रत्याशी कुमार जयमंगल, पांकी के प्रत्याशी लाल सूरज के पिता भी मंत्री रहे हैं। इसके अलावा भाजपा के प्रत्याशी अमित कुमार मंडल, अमित कुमार यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, उज्ज्वल दास, मंजू देवी के पिता विधायक रहे हैं। बगोदर के माले प्रत्याशी विनोद सिंह के पिता महेंद्र सिंह भी विधायक रहे हैं। निरसा के माले प्रत्याशी अरूप चटर्जी के पिता भी इसी सीट से विधायक रहे हैं। झामुमो से डुमरी की प्रत्याशी बेबी देवी, ईचागढ़ की सबिता महतो, कांग्रेस की पाकुड़ की प्रत्याशी निशत आलम के पति मंत्री रहे हैं। इसके अलावा झरिया की भाजपा प्रत्याशी रागिनी सिंह के ससुर, सास व पति विधायक रहे हैं। वहीं, सिंदरी से भाजपा प्रत्याशी तारा देवी के पति वर्तमान में विधायक हैं। मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश चतरा विधानसभा सीट से, बिहार सरकार में मंत्री रहे अवध बिहारी सिंह की बहू दीपिका पांडेय सिंह महगामा से चुनाव लड़ रही हैं। गिरिडीह से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी आजसू की टिकट से रामगढ़ विधानसभा सीट से व भाई रोशन चौधरी भाजपा की टिकट से बड़कागांव सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। धनबाद से सांसद ढुलू महतो के भाई शत्रुघ्न महतो बाघमारा से भाजपा के प्रत्याशी हैं। चाईबासा की सांसद जोबा माझी के पुत्र जगत माझी, दुमका से सांसद नलिन सोरेन के पुत्र आलोक सोरेन झामुमो के प्रत्याशी हैं।

कुल मिलाकर झारखंड विधानसभा चुनाव में इस बार परिवारवाद पूरी तरह हावी है लेकिन क्या परिवारवाद इंडिया और इंडी के बीच कड़ी टक्कर का गवाह बन सकती हैं। यह देखना दिलचस्प होगा कि 2023 के चुनावों में कौन सी पार्टी इन सीटों पर अपना परचम लहराने में कामयाब होती है।

# टाइगर के क्षेत्र में कोई लकड़बग्घा ना घुस पाए : हेमंत सोरेन

संवाददाता

**गिरिडीह ।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सोमवार को इंडी गठंबधन प्रत्याशी बेबी देवी के लिए वोट मांगा। उन्होंने कहा कि आज हमारे वीर शहीद जगरनाथ महतो की पत्नी बेबी देवी के नामांकन के आप साक्षी बने उसके लिए आपको नमन करता हूं। आज फिर से हमने इस डुमरी विधानसभा क्षेत्र को सेवा के लिए चुना है। बहुत सारे लोग इस चुनावी मैदान में है।

उन्होंने कहा कि आपने हर चुनाव में वोट डाला है। आपको चुनाव में बहुत बताने की जरूरत नहीं है। बड़े भाई जगरनाथ महतो इस दुनिया में नहीं है। किन हालातों में बेबी देवी जी ने चूल्हा से निकलकर जगरनाथ महतो के रास्ते को अपनाया है वो किसी से छिपा नहीं है। हमलोग वोट मांगने आये हैं लेकिन इस बार पूरे अधिकार के साथ वोट मांगने आए हैं। हमारे लिए बहुत बड़ा चुनौती



भरा सरकार था। पांच साल में हमलोगों ने उतार-चढ़ाव देखा।

उन्होंने कहा कि इस पांच साल में हमें बहुत बड़ी-बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। हमारे दो-दो मंत्री को शहीद होना पड़ा है। जगरनाथ महतो की वजह से डुमरी के लोग अमन चैन से सोता था। आज उनके अधूरे कामों को बेबी देवी ने राह दिखाया है। आज इनको हमलोगों ने मंत्री भी बनाया है। हम महिला दीदी से पूछने चाहते हैं कि इस राज्य की महिलाओं को मंईयां सम्मान योजना पसंद आया है या नहीं। हमने ये संकल्प लिया है कि हमें और महिलाओं को मजबूत करना है। हमने ये तय किया है कि अगली बार फिर से सरकार बनाएंगे और इस राज्य की हर महिलाओं को एक लाख देंगे। दिसंबर से महिलाओं के खाते में ढाई हजार जाने लगेगा।

हेमंत सोरेन ने कहा कि बहुत सारे लोग चुनावी मैदान में है। लकड़बग्घे की तरह इनको नोचने में लगे हैं। ध्यान रखिएगा ये जगरनाथ महतो का क्षेत्र है। उनके परिवार जनों की रक्षा हमने की है। इनको मंत्री बनाया है। क्षेत्र में इनकी रक्षा आपलोगों की जिम्मेदारी है। झारखंड मुक्ति मोर्चा कभी नहीं डरा है। भाजपा के सामने तो हम झुके नहीं है तो इन छोटे-छोटे लोगों के सामने क्या झुकेंगे।

# झारखंड में चल रही है बंटी और बबली की सरकार : हिमंत विस्वा सरमा

दुमका ब्यूरो

**दुमका।** असम के सीएम हेमंत विस्वा सरमा ने हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुये कहा कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठी आदिवासियों के अस्मिता के साथ खिलवाड़ कर रहे है लेकिन हेमंत को इन घुसपैठियों से प्यार है जो ठीक नहीं है। यदि आपके इसी प्यार के वज़ह से संताल परगना की जनता आपको डाइवोर्स दे देगी। दुमका में जिले के सभी चारो विधानसभा के प्रत्यासियों के पक्ष में चुनावी प्रचार प्रसार करने पहुंचे सीएम हेमंत विस्वा सरमा ने कहा कि अगर झारखण्ड में भाजपा की सरकार बनी तो इन बंग्लादेशी घुसपैठियों को लात मार कर बाहर कर देंगे। यहीं नहीं उन्होंने कहा कि इरफ़ान और आलमगीर आलम जैसे नेताओं को दो घंटे मे ठीक कर देंगे।

उक्त बातें सोमवार को दुमका के यज्ञ मैदान आयोजित एक चुनावी सभा को सम्बोधित करते हुये असम के



सीएम ने कहा। उन्होंने कहा कि आज संताल परगन में घुसपैठी का चारागाह बनाये हुये है। यहाँ के वहन बेटियों के अस्मिता से खिलवाड़ कर रहे है। लेकिन हेमंत सोरेन चुप्पी साधे हुई है। घुसपैठियों का सरदार तो हेमंत सोरेन है। इन्हें वोट के लिये हेमंत चुप्पी साधे हुये है। सीएम हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन को बंटी बबली कहते हुए कहा कि हेमंत सोरेन को इरफ़ान से प्यार है और कल्पना को सरगराज से प्यार है। ये बंटी बबली सरकार को बंगालदेशी घुस पैठियों और और पैसे से प्यार है लेकिन झारखण्ड क़ी जनता इस बार हेमत सरकार को डाइवोर्स दे दे देगी। उन्होंने सीता सोरेन को लेकर हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुये कहा कि भले ही बंटी बबली का प्यार एक दूजे के लिये है हमें आपत्ति नहीं है आप इसे फ़िल्म बनाओ लेकिन जिस तरह आपके मंत्रीमण्डल में शामिल इरफ़ान अंसारी ने आपकी भाभी के लिये जो शब्द कहे थे क्या आपने कार्रवाई की क्या सीता सोरेन आदिवसी नहीं है लेकिन इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता चुंकि बंटी को इरफ़ान से प्यार है.उन्होंने कहा कि इरफ़ान अंसारी मर्डर भी कर दे कोई कार्रवाई नहीं होगी. हेमंत सोरेन आदिवासी नेता नहीं बल्कि घुसपैठियों का नेता है. राज्य मे लूट खसौट बना हुआ है इरफ़ान के पास और आलमगीर के आदमी के पास से पैसे निकल रहे है लेकिन कांग्रेस इन्हें टिकट दे रही है। उनके अपने लोगों को चुनाव में खड़ा करा रही है। उन्होंने कहा इरफ़ान और आलमगीर जैसे नेता को ठीक करने के हमें दो घंटा लगेगा। उन्होंने झारखंड वासियों से इस बार चुनाव भाजपा सरकार बनाने का अपील किया ताकि यहाँ के महिलाओं आदिवासियों का अस्मिता बचाया जा सके।

## सतर्कता महोत्सव : फेस्टिवल डी सीसीएल का शुभारंभ



**रांची ।** 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2024 तक चलने वाले सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सतर्कता महोत्सव ÷फेस्टिवल डी सीसीएल÷ का आज भव्य उद्घाटन हुआ। इस महोत्सव के पहले दिन का उद्घाटन मुख्य अतिथि सीएमडी सीसीएल श्री निलेंदु कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन ) श्री हरीश दुहान, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक, विभाग प्रमुख और बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ सीएमडी सीसीएल द्वारा सभी उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाकर किया गया। इसके बाद, सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी को संबोधित करते हुए सतर्कता और ईमानदारी के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि हमारे पेशेवर जीवन में सतर्क रहना क्यों आवश्यक है, और इस वर्ष की थीम ÷सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की प्रगति÷ पर भी अपने विचार साझा किए। श्री कुमार ने कहा कि सत्यनिष्ठा का पालन न केवल संगठन बल्कि पूरे देश की प्रगति के लिए अत्यंत आवश्यक है। सीएमडी सीसीएल श्री नीलेंदु कुमार सिंह ने भी इस मौके पर ईमानदारी के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सीसीएल अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभा रहा है और देश की ऊर्जा सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध है। इसके पश्चात उन्होंने ई-प्लेज बूथ का उद्घाटन किया और सतर्कता जागरूकता सप्ताह का शुभारंभ ड्रोन द्वारा किया। सीएमडी सीसीएल ने सतर्कता जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विभिन्न स्थानों पर भ्रमण करेगा।

## संविधान हमारे कानूनी ढांचे का पूरक : डॉ. वंदना

**रांची ।** हमारे देश के संविधान में इस तरह की बुनियादी संकल्पना है, जिससे देश की शासन प्रणाली और कानूनी ढांचे को संबल हासिल होता है। अधिवक्ता डॉ. वंदना सिंह ने उक्त बातें कहीं। वे सरला बिरला विश्वविद्यालय में %एक्सपैंडिंग होराइजन ऑफ़ कॉन्स्टिट्यूशन एंड कांस्टीट्यूशनलिज्म इन इंडिया% विषय पर आयोजित एक्सपर्ट टॉक के अवसर पर अपने विचारों को रख रही थी। उन्होंने संविधानवाद की व्याख्या करते हुए इसे कानून का शासन, उचित जवाबदेही और व्यक्ति विशेष के अधिकारों की रक्षा से जुड़ा हुआ बताया। मौलिक अधिकारों को बरकरार रखने और इसके क्रियान्वयन के लिए विभिन्न न्यायालयों द्वारा की गई पहल पर भी उन्होंने विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर अपने संबोधन के दौरान एसबीयू के माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने विश्व के सबसे लंबे भारतीय संविधान में अंतर्निहित समानता और अधिकारों से युक्त सामाजिक और आर्थिक न्याय की संकल्पना पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने देश के राजनैतिक- आर्थिक और सामाजिक परिवर्तनों के लिए संविधान के रचनाकारों को इसका श्रेय दिया। प्रभारी कुलपति माननीय श्री एस. बी. डांडीन ने भारतीय संविधान को देश के जनमानस का प्रतिबिंब बताया। उन्होंने भारत के संविधान को प्रगतिशील करार देते हुए इसे भावी कानूनों और नीतिगत निर्णयों का पूरक बताया।

## बीएयू : डॉ सुशील पाण्डेय द्वारा डिजाइन की गयी मशीन को पेटेंट मिला

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि अभियंत्रण विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ सुशील कुमार पांडेय द्वारा डिजाइन की गई हरा मटर छीलने वाली हस्तचालित मशीन को भारत सरकार के पेटेंट कार्यालय ने पेटेंट प्रदान किया है। भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के तहत कार्यरत पेटेंट, डिजाइन और व्यापारिक चिन्ह के महानियंत्रक द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र जारी किया गया है। डॉ पांडेय ने बताया कि इससे प्रति घंटा लगभग 15 किलो हरा मटर की छीमी छीलकर उसका दाना निकाला जा सकता है। हाथ से मटर छीलने की तुलना में इस मशीन से चार-पांच गुना अधिक गति से कार्य हो सकता है। इस यंत्र का डिजाइन विकसित करने में उन्हें लगभग 2 वर्ष का समय लगा। उन्होंने बताया कि यदि औद्योगिक इकाइयां बड़े पैमाने पर इस मशीन का निर्माण करें तो लागत प्रति इकाई 4-5 हजार रु आएगी। औद्योगिक उत्पादन प्रारंभ होने के उपरांत इस मशीन के बाजार में आने पर होटल, रेस्टोरेंट, मेस आदि में बावर्चियों के लिए तथा छिला हुआ हरा मटर बेचनेवाले छोटे सब्जी विक्रेताओं के लिए मटर छीलने का काम काफी आसान हो सकता है। बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने इस उपलब्धि पर डॉ सुशील को बधाई दी है।

## गिरिडीह बेबी देवी और विनोद सिंह समेत अन्य ने दाखिल किए नामांकन पत्र

**गिरिडीह ।** झारखंड विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण में 20 नवम्बर को होने वाले चुनाव को लेकर सोमवार को गिरिडीह जिले की धनवार, डुमरी, बगोदर, गाण्डेय, जमुआ और गिरिडीह सदर सीट के लिए भाजपा, झामुमो, भाकपा-माले, जेकेएलएम, सपा फार्वर्ड ब्लॉक सहित अन्य दलों व निर्दलीय प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

धनवार विस सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने नामांकन किया। मौके पर केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी सहित काफी संख्या में पार्टी समर्थक मौजूद थे। इसी सीट से निरंजन राय ने (निर्दलीय) नामांकन किया। नामांकन रैली में काफी संख्या में उनके समर्थक मौजूद थे। डुमरी विस सीट से हेमंत सोरेन सरकार की मंत्री बेबी देवी ने दूसरी बार नामांकन किया। बगोदर सीट से सीपीआई-एमएल के विधायक विनोद कुमार सिंह ने बगैर ताम-झाम के सादगीपूर्वक नामांकन किया। मौके पर पूर्व विधायक राज कुमार यादव सहित अन्य मौजूद थे। गाण्डेय से फारवर्ड ब्लॉक के राजेश यादव ने पर्चा दाखिल किया।

## चुन्ना भैया को जिताकर हेमंत जी के हांथ को मजबूत करें : कल्पना सोरेन

संवाददाता

**देवघर।** सोमवार का दिन देवघर जिला के विभिन्न विधानसभा क्षेत्र से दर्जनों प्रत्याशियों के नॉमिनेशन के नाम रहा।जहां एक तरफ़ देवघर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी नारायण दास और राजद प्रत्याशी सुरेश पासवान ने मुख्यरूप से नॉमिनेशन किया तो वहीं सारठ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह और महागठबंधन के जेएमएम प्रत्याशी उदय शंकर सिंह उर्फ चुन्ना सिंह तो मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम प्रत्याशी हफ़िज़ूल हसन और भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने मुख्यरूप से नामांकन किया है।वहीं मौके पर सारठ से भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सारठ की जनता इसबार मुझे हैट्रिक विजय दिलवाएगी,क्षेत्र में लगातार विकास हो रहा है।सारठ को अनुमंडल बनवाना मुख्य एजेंडा रहेगा।वहीं मधुपुर में मंत्री हफ़िज़ूल हसन के नॉमिनेशन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और बिहार राज्य के पूर्णिया सांसद राजेश रंजन उर्फ़ पप्पू यादव पहुंचे थे जिन्होंने एक बड़ी सभा को संबोधित भी किया और सरकार की योजनाओं को लोगों के बीच रखते हुए एक



बार फ़िर से जेएमएम प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील किया।वहीं चुन्ना सिंह के नॉमिनेशन के बाद डुमरिया स्थित मैदान में एक बड़ी सभा को कल्पना सोरेन मुर्मू ने सम्बोधित करते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को जनता के बीच रखते हुए फ़िर से मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया और कहा कि चुन्ना सिंह को भारी मतों से विजय बनाकर हेमंत सोरेन के हांथ को मजबूत करें ताकि राज्य की दबी कुचली,दलित अल्प संख्यक स्वर्ण आदि समाज के सभी जाति वर्ग के लोगों को उनका अधिकार और सम्मान मिले।सभी

## असम के सीएम हिमंता विस्वा यहां के लोगों के बीच लगाने आते हैं आग : डॉ लुईस मरांडी

संताल एक्सप्रेस संवाददाता

**दुमका ।** भाजपा छोड़ झामुमो में आयी डॉ लुईस मरांडी ने सोमवार को जामा विधानसभा सीट के लिए नामांकन दाखिल किया। नामांकन करने पहुंची झामुमो प्रत्याशी के साथ झारखंड मुक्ति के कार्यकर्ताओं एवं डॉ लुईस मरांडी के समर्थकों की भारी भीड़ उमड़ी। 11-जामा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्रत्याशी डॉ लुईस मरांडी ने निर्वाची पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा। नामांकन दाखिल कर बाहर आयी डॉ लुईस मरांडी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि आज उन्होंने जामा विधानसभा सीट के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की टिकट से नामांकन भरा है। जनता एक



संगठन सभी लोगों का मुझे समर्थन मिला है। कहा कि हमारे साथ संगठन के लोग हैं हमारे प्रखंड अध्यक्ष शिवलाल जी एवं कालेश्वर सोरेन जी मौजूद हैं। डॉ लुईस मरांडी ने कहा कि आज उमड़ता हुआ कार्यकर्ताओं का जो उत्साह दिखा निश्चित रूप से जामा अब मेरे लिए नया नहीं है। जनता ने मन से मुझे स्वीकार कर लिया है और हमलोग निश्चित रूप से जामा विधानसभा चुनाव जीतेंगे7 पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर उन्होंने कहा कि इतने कम दिनो में क्षेत्र के कार्यकर्ताओं एवं जनता से जो हमारी बातचीत हुई,

लोगों ने कहा कि जामा का विकास अभी तक नहीं हुआ7 उन्होंने कहा कि शिक्षा, सड़क, कनेक्टिविटी, पेयजल, स्वस्थ्य एवं रोजगार के क्षेत्र में जामा विधानसभा बहुत ही पिछड़ा हुआ है। हम जामा विधानसभा की तमाम जनता को आश्वस्त करते हैं कि जिस तरह से जिस तरह से पहले हमने अपने छोटे से कार्यकाल में निष्ठापूर्वक काम किया है उसी निष्ठा एवं जनता के प्रति आस्था रखते हुए जनता से बातचीत करते हुए एक-एक समस्या का समाधान करेंगे और रोजगार के लिए जो युवा भटक रहे हैं सारी समस्याओं का हमलोग समाधान करेंगे।

## जामा से सुरेश मुर्मू,जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर और शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन ने नामांकन का पर्चा भरा

संवाददाता

दुमका।दुमका विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी के रूप में सुनील सोरेन ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी कौशल कुमार को अपना नामांकन पत्र सौंपा।भाजपा नेता सुनील सोरेन दुमका के पूर्व सांसद रह चुके हैं।पहली बार दुमका विधान सभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं।बता दें कि 2019 में दुमका लोकसभा क्षेत्र से चुनाव जीत कर सांसद बने सुनील सोरेन को 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने टिकट वापस ले कर झामुमो से भाजपा में आई सीता सोरेन को प्रत्याशी बनाया था।टिकट कटने के बाद भी सुनील सोरेन पार्टी के प्रति निष्ठावान बने रहे।विधान सभा चुनाव में भाजपा ने भी सुनील सोरेन पर भरोसा करते हुए उन्हें दुमका सीट से प्रत्याशी बनाया। भाजपा प्रत्याशी के रूप में जामा से सुरेश मुर्मू,जरमुंडी से देवेंद्र कुंवर और शिकारीपाड़ा से परितोष सोरेन ने नामांकन का पर्चा भरा।

सोमवार को भाजपा प्रत्याशियों के नामांकन के अवसर पर दुमका शहर के यज्ञ मैदान में पार्टी की ओर से नामांकन सभा का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से असम के मुख्यमंत्री हिमंता विस्वा सरमा और कलस्टर प्रभारी सांसद विवेक ठाकुर शामिल हुए।

## रंधीर सिंह न तीसरी बार विधायक बनने का किया दावा



संवाददाता

**देवघर।** सारठ विधानसभा क्षेत्र से बीजेपी प्रत्याशी रंधीर सिंह ने आज अपना नामांकन दाखिल किया. मधुपुर अनुमंडल कार्यालय में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष नामांकन दाखिल किया है. नामांकन के बाद लगातार तीसरी बार इस क्षेत्र से विधायक बनने का दावा किया है.।

रणधीर सिंह ने रिकॉर्ड मतों से जीत हासिल का किया दावा-

ज्ञात हो कि 2014 के चुनाव में रंधीर सिंह जेवीएम के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे.फिर ये बीजेपी में शामिल हो गए थे। रघुवर सरकार में कृषि मंत्री बने.2019 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़े और दुबारा विधायक बन विधानसभा पहुंचे.इस बार भी अपनी जीत रिकॉर्ड मतों से होने का दावा किया है.रंधीर सिंह ने कहा कि वे क्षेत्र की जनता के सुख दुख में चौबीसों घंटा खड़ा रहते है इसलिए यहां की जनता तीसरी बार जिताने के लिए उत्सुक हैं।

## IICC व INIFD में रंगोली एवं पॉट डेकोरेशन कम्पटीशन

**रांची ।** आज दिनाँक 28 अक्टूबर 2024 को IICC संस्थान में दिवाली के अवसर पर रंगोली एवं पॉट डेकोरेशन कम्पटीशन का आयोजन किया गया इस में इंस्टिट्यूट के फैशन डिजाइनिंग एवं इंटीरियर डिजाइनिंग के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया विद्यार्थियों ने एक से बढ़ कर एक रंगोली बनायीं और डेकोरेशन किया और अपने हुनर का प्रदर्शन किया. सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वालों को प्राइज दिया गया जिसमे प्रथम प्राइज *विनीता कुमारी*,द्वितीय प्राइज *मुस्कान कुमारी एवं *दरक्शा नाज*, एवं तृतीय प्राइज*जाइमा आफरीन* को दिया गया. शिक्षकगण में मणि राठी, स्वीटी कुमारी शिखा सरावगी, आफरीन इरशाद, आमिर आरफीन आदि उपस्थित थे.संस्थान के डायरेक्टर डॉ. मो. महबूब आलम ने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया और भविष्य के लिए शुभकामना भी दी.



## भाजपा ने बागी राजू पुजहर को मनाया, जामा में नहीं लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

### जामा से भाजपा का टिकट नहीं मिलने से नाराज थे पहाड़िया नेता राजू पुजहर

सुमन सिंह

**दुमका।**जामा से भाजपा टिकट के दावेदार रहे राजू पुजहर को बागी होने से पहले ही मना लिया गया।भाजपा ने इस सीट से लगातार तीसरी बार सुरेश मुर्मू को चुनाव मैदान में उतारा है।टिकट नहीं मिलने से नाराज राजू पुजहर ने जामा विधान सभा क्षेत्र से निर्दलीय चुनाव लड़ने की न केवल घोषणा की थी बल्कि नामांकन के लिए उन्होंने नाजिर रशीद भी कटा लिया था।राजू पुजहर आदिम जनजाति पहाड़िया समाज से आते हैं और एक पंचायत के निर्वाचित मुखिया भी हैं। पहाड़िया समाज चुनावों में भाजपा का समर्थन करते रहा है।इस लिहाज से राजू पुजहर के बागी होकर चुनाव लड़ने से भाजपा



प्रत्याशी सुरेश मुर्मू की मुश्किल बढ़ सकती थी।भाजपा नेताओं ने डैमेज कंट्रोल करते हुए तुरंत राजू पुजहर से संपर्क किया।असम से मुख्यमंत्री और झारखंड में चुनाव सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा ने दो दिन पहले राजू पुजहर को रांची बुलवा कर उन्हें बागी के रूप में जामा से चुनाव नहीं लड़ने के लिए मना लिया।सोमवार को राजू पुजहर भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू के नामांकन के मौके पर दुमका में साथ-साथ रहे।असम के सीएम हिमंता विस्वा सरमा ने सुरेश मुर्मू और राजू पुजहर को राम-लक्ष्मण की जोड़ी बताया।यज्ञ मैदान में नामांकन सह आशीर्वाद सभा को राजू पुजहर ने संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी सुरेश मुर्मू की जीत सुनिश्चित करने का संकल्प लिया।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मम्मी पापा वोट दो अभियान को सराहा

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि बच्चों द्वारा भावनात्मक पत्र लिखकर आज पूरे राज्य के अभिभावकों को मतदान के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया है। इसके लिए बच्चों की जितनी तारीफ की जाय वह कम है। स्कूली बच्चों ने आज अपने माता-पिता को अपने संवैधानिक दायित्व की याद दिलाते हुए साबित किया है कि भविष्य में वे अपने लोकतंत्र को और मजबूत करेंगे। कुमार ने कहा कि यह अभियान एक प्रकार से बच्चों के द्वारा अपने अभिभावकों से अपने दायित्व निभाने की भावनात्मक अपील का अनुभव छोड़ गया। पूरे राज्य में इस तरह के अभियान विधानसभा निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को जागरूक करने एवं मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार चलाये जायेंगे। उन्होंने इस अभियान से जुड़े सभी छात्र-छात्राओं की हौसला-अफजाई की। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में राज्य के मतदाताओं को जागरूक करने एवं विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के उद्देश्य से %मम्मी पापा वोट दो %अभियान चलाया गया। इस अभियान में सोमवार को पूरे राज्य के 18,570 स्कूलों के 17,06,182 बच्चों ने इस अभियान में भाग लिया। स्कूली बच्चों द्वारा अपने अभिभावकों को की गई अपील निश्चित रूप से लोगों को अपने मताधिकार के प्रयोग के लिए प्रेरित करेगी।

# सामूहिक दुष्कर्म के बाद कर दी थी युवती की हत्या, प्रेमी सहित दो गिरफ्तार

संवददाता

**रांची ।** रांची के खरसीदाग के डुगंरी चापाटोली में 23 अक्टूबर को अज्ञात युवती का शव मिला था। उसकी पहचान गुमला के बसिया थाना क्षेत्र के तेतरा ग्राम निवासी युवती के रुप में हुई। युवती के मोबाइल के आधार पर पुलिस ने उसकी बहन को बुलाया तो बहन ने उसकी पहचान की। उसके बाद पुलिस ने अनुसंधान कर हत्या के दो आरोपित अरमदीप उर्फ छोटू और सोनू नायक उर्फ मेंडी को गिरफ्तार किया। जबकि मामले में तीसरा



आरोपित फरार है। अमरदीप उर्फ छोटू से युवती का प्रेम संबंध था, वह उस पर शादी का दबाव बना रही थी, लेकिन वह उससे शादी नहीं करना चाहता था, इसी कारण उसने अपने दोस्तों और युवती के साथ मिलकर पार्टी की। इसी दौरान युवती को भी नशा कराया। सामूहिक दुष्कर्म के बाद पत्थर और लाठी-डंडा से वार कर हत्या कर दी। आरोपितों के निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त खून लगे पत्थर को जब्त किया गया है। यह जानकारी एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने सोमवार को दी। इस दौरान मुख्यालय- वन डीएसपी अमर पांडेय और खरसीदाग ओपी प्रभारी भवेश कुमार उपस्थित थे। घटनास्थल से पुलिस ने खून लगा पत्थर,खून लगा बांस की लाठी, कम्बल,बेड सिट, शराब की खाली बोतल, सिगरेट के टुकड़े, चिलम बरामद किया गया है।

23 अक्टूबर को जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र के बसारगढ़ निवासी अनिल कुमार राय ने डुगंरी चापाटोली स्थित अपनी जमीन पर अज्ञात युवती का शव पाये जाने की सूचना मिलने के खरसीदाग ओपी में आवेदन दिया था, उसी के आधार पर अज्ञात महिला की हत्या किये जाने संबंधी कांड दर्ज किया गया था। युवती के हाथ में सूरज का नाम का टैटू बना हुआ था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद मामले का अनुसंधान प्रारंभ किया गया।

## पशु तस्करी में संलिप्त चार वाहन जब्त, 11 लोग गिरफ्तार

**कोडरमा :** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह के गुप्त प्राप्त सूचना के आधार पर थाना प्रभारी बबलू कुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने अवैध गौवंशीय पशु तस्करी को लेकर वाहन जांच के क्रम में जयनगर मरकच्चो मुख्य मार्ग पर कोडरमा के तरफ से आ रहे कुल चार पिकअप गाड़ी को पिपचो चौक के पास रोक कर जांच किया । इनमें अवैध रूप से मवेशियों का परिवहन करते हुए कुल 34 मवेशियों को जप्त किया गया। साथ ही पशु का अवैध तस्करी को लेकर 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में जयनगर थाना कांड संख्या 203/24 दर्ज कर आगे की कार्यवायी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों में हरेन्द्र कुमार , मिथुन कुमार, मकसुद खान, मनोज यादव , गुड्डू कुरैशी , विजेन्द्र यादव , रिंकू कुरैशी, ब्रजेश यादव सहित अन्य को गिरफ्तार किया गया।

## ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**साहिबगंज।** जिले के तालझारी थाना क्षेत्र के करमटोला रेलवे फाटक के एक किलोमीटर दूरी उत्तर दिशा के पास से सोमवार की अहले सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। तालझारी थाना पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मृतक जिकरा हरिनकोल रेलवे फाटक स्थित रहने वाला लालचंद मुरियारी(45) था। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी रविवार की देर रात ही किसी ट्रेन से टकराने से मौत हुई होगी। इस घटना में मृतक का सिर कुचला गया है। वही मृतक के भाई ने बताया कि लालचंद रविवार की दोपहर करीब बारह बजे घर से निकला था। वे मानसिक रूप से अस्वस्थ था। शाम तक घर नही पहुचने पर काफी खोजबीन की। हालांकि कुछ भी पता नही चल सका। वही सोमवार को पुलिस से घटना की जानकारी मिली है। मृतक के दो पुत्र व एक पुत्री है। इसमे किसी की भी शादी नही हुई। वही मृतक के मानसिक हालत ठीक नही रहने की वजह से पत्नी अपने बच्चों के साथ मायका साहिबगंज के बड़ा पंचगढ में रहती है। इधर घटना की जानकारी मिलने पर पुत्र समेत परिजन अस्पताल पहुच रो-रो कर बुरा हाल था। वही शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लोकहित अधिकार पार्टी से नंदलाल साह ने दाखिल किया अपना नामांकन



**साहिबगंज।** लोकहित अधिकार पार्टी से नंदलाल साह ने राजमहल विधानसभा से अपना नामांकन निर्वाची पदाधिकारी सह राजमहल एसडीओ कपिल कुमार के समक्ष दो सेटों में अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने के बाद मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा राजमहल विधानसभा में शिक्षा,स्वास्थ्य,बेरोजगारी सहित अन्य विकास के मुद्दे पर नामांकन दाखिल किया।उन्होंने कहा कि यदि जनता का उन्हे आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र की इन समस्याओं से जनता को निजात दिलवाएंगे।

## महागामा के विभिन्न छठ घाटों की सफाई का काम अब तक नहीं हुआ शुरू, घाट पर पसरी गदंगी



**महागामा ।** लोक आस्था और सूर्योपासना का महापर्व छठ को लेकर महागामा नगर पंचायत के विभिन्न छठ घाट तालाब की साफ-सफाई का कार्य अभी तक शुरू नहीं हुआ है जिससे छठ व्रतियों में रोष है। महागामा नगर पंचायत अंतर्गत पड़ने वाले छठ घाट की साफ सफाई के लिए अभी तक नगर पंचायत द्वारा कोई कदम नहीं उठाया गया है। स्थानीय लोगों ने कहा कि छठ घाटों की साफ-सफाई एक पखवारा पूर्व शुरू कर दिया जाता था पर इस बार तालाब में पानी अधिक होने के वजह से छठ व्रतियों के बीच घाटों की साफ सफाई को लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। मालूम हो कि महागामा के बसुवा पोखर में सबसे अधिक छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है, जहां इन दिनों तालाब का पानी व घाट की स्थिति गंदगी के कारण बदतर हो गयी है। वहीं नगर पंचायत के लक्ष्मण बांध, दुर्गा मंदिर पोखर, बसुआ पोखर, बिजली ऑफिस तालाब, गंगासागर तालाब, महुवारा, तेतरिया सहित अन्य छठ तालाब में श्रद्धालु छठ पूजा के दौरान सूर्य को अर्घ्य देते हैं पर गंदगी के कारण छठ घाट की स्थिति खराब है। यदि समय रहते छठ घाटों की सफाई पर ध्यान नहीं दिया गया, तो छठ पर्व के दौरान व्रतियों तथा श्रद्धालुओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोगों ने छठ तालाब की साफ सफाई व घाट मरम्मत की मांग की है।

## सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता पार्टी छोड़ कांग्रेस में हुए शामिल, प्रदीप यादव ने किया स्वागत

**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट ब्लॉक परिसर में रविवार को आयोजित कार्यक्रम में पोड़ैयाहाट विधानसभा के प्रत्याशी एवं निर्वतमान विधायक प्रदीप यादव को समर्थन देने के लिए पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र एवं सरैयाहाट से सैकड़ों भाजपा कोर नेता व कार्यकर्ता उनसे मिलने पहुंचे एवं कांग्रेस में शामिल हुए। इस दौरान भाजपाइयों ने कहा कि वे सभी कांग्रेस नेता प्रदीप यादव के व्यक्तित्व से प्रभावित होकर भाजपा को छोड़ प्रदीप यादव को इस चुनाव में अपना नैतिक समर्थन देने के लिए पार्टी में शामिल हुए हैं। इस मौके पर भाजपा से आये विश्वनाथ तिवारी, विष्णुकांत नौरोनी आदि नेताओं ने कहा कि प्रदीप यादव जैसे ओजस्वी छवि वाले नेता का विधानसभा में जाना अतिआवश्यक है, जो आये दिन सरकार को अपने अनुभव के तहत कई प्रकार की योजनाओं को लागू कराने एवं आमजन के जरूरी मुद्दों को सड़क से लेकर सदन तक जोरदार तरीके से उठाने में अपना सर्वोच्च भूमिका निभाते हैं। ऐसे विशेष गुण वाले नेता पोड़ैयाहाट विधानसभा एक ही नेता प्रदीप यादव हैं, यह हम सबों के लिए गर्व की बात है। अगर ऐसे नेता सदन तक नहीं पहुंचते तो यह पोड़ैयाहाट विधानसभा सहित राज्य की जनता के लिए भी हानिकारक निर्णय होगा। अतः उन्हें फिर से सदन तक पहुंचाने के लिए आज हम सभी उन्हें अपना नैतिक समर्थन देते हैं। वहीं इस मौके पर विश्वनाथ तिवारी, बिष्णु कांत नरोनी, संतोष बलियासे (कारू बाबा), कुलदीप मिश्रा, सुशील कुमार गुप्ता, पूजा कुमारी के सैकड़ों सैकड़ों समर्थक मौजूद थे।

## प्रसुति महिला से ली सेवा शुल्क के नाम पर रूपया,डीएस ने लिया संज्ञान

**साहिबगंज ।** सरकार भले ही जच्चाओं और बच्चा को हर तरह की मुफ्त सुविधा प्रदान करने का लाख दावा करती है.लेकिन उनकी इस दावे को अस्पताल के स्टाफ ही पलीता लगता नजर आता है.जहाँ जिले के बड़े सदर अस्पताल का यह मामला है. अस्पताल की ऊपरी तल्ला डिलीवरी के लिए आई महिलाओं से बधाई के नाम पर हजारों रुपए ऐंठे जा रहे हैं.अस्पताल में भर्ती जच्चाओं ने इस बात को खुद प्रसव करने के लिए तीनपहाड़ के जोका गांव निवासी शिवानी देवी एवं छोटा जिरवाबाडी निवासी पूजा रविदास स्वीकार है.कि साहिबगंज जिले के सबसे बड़े सदर अस्पताल में मुक्त इलाज के नाम पर गर्भवती महिलाओं के साथ गंदा खेल खेला जा रहा है बता दे कि जब अस्पताल में कोई गर्भवती महिला बच्चे को जन्म देती है तो अस्पताल की स्टाफ जबरन बधाई लेती है वहीं डॉक्टर को बधाई देने के नाम पर भी मोटी रकम की वसूली की जाती है तो सफाई कर्मचारी भी बधाई के नाम पर वसूली करते हैं अस्पताल में भर्ती महिलाओं ने प्रशासनिक उपाधीक्षक मुकेश कुमार के सामने कह दिया कि बधाई के नाम पर रकम वसूली जाती है 7 बता दे की ताजा मामला रविवार की रात कि है.जहाँ सदर अस्पताल मे प्रसव कराने के नाम पर ड्यूटी पर मौजूद एएनएम व सफाई कर्मचारी के द्वारा पैसे की वसूली खुले आम किया जा रहा है. सदर अस्पताल में प्रसव कराने के लिए तीन पहाड़ के जोका गांव निवासी शिवानी देवी से एवं छोटा जिरवाबाड़ी निवासी पूजा रविदास से ड्यूटी पर मौजूद एएनएम एवं सफाई कर्मचारी के द्वारा सेवा शुल्क के नाम पर पैसे की वसूली की गई .इस संबंध में प्रसूति महिला शिवानी देवी ने बताई की जबरदस्ती प्रसव कराने के नाम पर 600 ली है. वहीं सफाई कर्मचारियों ने 250 ली है. उन्होंने बताई की पैसा नहीं देने पर बेड शीट तक चेंज नहीं किया जाता है.बेड शीट चेंज करने के नाम पर 100 ली जाती है. वही छोटा जिरवाबाड़ी निवासी पूजा रविदास ने बताई की प्रसव करने के नाम पर मुझे 800 लिया गया है .वही पूजा रविदास की सास ने बताई की जब हम बोले की बेटा आएगा तो पैसा देगा लेकिन उन लोगों ने नहीं मानी .कहीं की पैसा देगी तब काम होगा. 1000 रुपया मांग रही थी.लेकिन हम लोगों ने 800 दी .वहीं सफाई कर्मचारियों ने 400 का डिमांड किया लेकिन पैसा नहीं रहने के कारण 250 रूपया दी.मरीज के परिजनों ने अवैध पैसा वसूली के मामले को लेकर सदर अस्पताल के प्रशासनिक डीएस डा मुकेश कुमार से शिकायत की.डीएस डा मुकेश कुमार ने सदर अस्पताल के प्रसुता वार्ड मे पहुंच कर भर्ती सभी महिलाओं से पैसा वसूली के संबंध मे जानकारी ली.और कहा कि सदर अस्पताल मे सभी सेवाएं निशुल्क है.किसी को भी पैसा देने की जरूरत नही है.अगर कोई कर्मचारी पैसा मांगता है तो हमलोगो को सूचना दे.इस संबंध में जिले के सिविल सर्जन प्रवीण कुमार से बताया कि मामला मेरे संज्ञान में आया है.ऊपरी तल्ला के एएनएम को प्रसुति वार्ड से हटाया गया ।

## आलमगीर के अधूरे सपनों को पूरा करेंगेः निसात आलम



**संवाददाता**

**साहिबगंज/बरहरवा** प्रखंड अंतर्गत इस्लामपुर स्थित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के आवास में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई।जिसमें चुनाव से संबंधित कई दिशा निर्देश दिए गए हैं।बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस महासचिव तनवीर आलम,विधानसभा पाकुड़ विधानसभा प्रत्याशी निसात आलम,जिला अध्यक्ष बरकत खान,अशोक दास उपस्थित थे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पाकुड़ विधानसभा प्रत्याशी निसात आलम ने कहां की आज केंद्र सरकार के गलत रवयै के कारण हम सभी क्षेत्रवासियों पर जो आफत आन पड़ी है उससे हमें डरना नहीं है हम डटकर उनका मुकाबला करेंगे साथ ही विपक्ष को इसका जवाब हम सभी क्षेत्रवासी मिलकर देंगे।उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद आलमगीर आलम द्वारा जो भी काम अधूरा है उन्हें हम पूरा करेंगे और अपना जीवन लोक कल्याण के कार्य हेतु समर्पित करूंगी।वही तनवीर आलम ने कहा उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि आज आप लोगों के प्यार के करण आज पाकुड़ विधानसभा में पूर्व विधायक आलमगीर आलम की पत्नी निसात आलम को पाकुड़ विधानसभा प्रत्याशी के रूप में हम सभी के बीच मौजूद है साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अफवाहों पर ध्यान न देते हुए आज इतनी भारी संख्या में आप हमारे सामने हैं उम्मीद करता हूं की जितनी संख्या में आप यहां मौजूद है उससे भी ज्यादा संख्या वोटो के रूप में आप हमें दिखाएंगे।वही जिला अध्यक्ष बरकत खान ने कहा की हमारे प्रत्याशी निसाद आलम 29 अक्टूबर को नॉमिनेशन करेगी।जिसमे अधिक से अधिक लोगो को भाग लेने की अपील की।मौके पर कमल आर्य, मो.नसीरुद्दीन,रैसुल आलम,गुलाम रब्बानी,मो.अनिता साह,सफातुल्लाह,मिठुन कुमार मंडल,नाबिद अंजुम,शाहनवाज नासिर,निताय सरकार,नसीम अख्तर,दिलदार आलम,अहमद अंसारी,अनारूल खान,हजरत अली,करीम,रबीउल,भोला महतो,शमसेर अली,महफूज आलम,दिल अफरोज खातून सहित सैकड़ों कार्यकर्तागन उपस्थित थे

## नगर में नहीं हो रही है सफाई, लोग परेशान



**बरहरवा ।** हिंदुओं का त्योहार लगातार चली आ रही है पहले दुर्गा पूजा और अब दीपावली काली पूजा फिर महा आस्था का पर्व छठ इस सभी पूजा त्योहारों में साफ सफाई अत्यंत महत्वपूर्ण है लोग अपने अपने घरों को साफ सफाई में लगे है , दीपावली में कई धार्मिक स्थानों व मंदिरों में मां काली की आराधन और पूजा की जाती है तो वहीं नगर पंचायत बरहरवा के द्वारा सफाई में साफ सफाई में ध्यान नहीं दे रही है। नगर क्षेत्र के कई ऐसे वार्ड है जहां गंदगी की अंबार भरी पड़ी है। वही नगर पंचायत के बड़ी काली मंदिर काली तल्ला के आसपास कचरे का अंबार लगा हुआ है कल से पूजा प्रारंभ है परंतु अब तक नगर पंचायत की ओर से किसी प्रकार की साफ सफाई का कोई व्यवस्था नहीं हुई है। काफी चिंतनीय विषय है।

## सीएस ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया



साहिबगंज। सिविल सर्जन साहिबगंज डॉश प्रवीण कुमार संथालिया ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट का औचक निरक्षण किया !निरीक्षण के क्रम में आईपीडी इमरजेंसी,प्रसव कक्ष ,लब , रोस्टर अनुसार मेडिकल ऑफिसर ,पैरामेडिकल कर्मियों को उपस्थिति,अस्पताल मे साफ -सफाई आदि को देखे ! ।सिविल सर्जन साहिबगंज के द्वारा उपस्थित एमओ कर्मीयों को आवश्यक दिशा- निर्देश देते हुए समय पर ड्यूटी आकर मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने का निर्देश दिया गया । मौके पर डॉ सीसीपी चंद , डॉ संतोष टुडू अन्य पैरामेडिकल उपस्थित थे

## भाजपा तीन पहाड़ मंडल की संगठनात्मक बैठक सम्पन्न

साहिबगंज/मंगलहाट/भाजपा राजमहल विधानसभा क्षेत्र के तीन पहाड़ मण्डल भाजपा की संगठनात्मक बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। जिस में मुख्य रूप से राजमहल विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी अनन्त कुमार ओझा शामिल हुई। बैठक को संबोधित किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष सागर मंडल, जिला उपाध्यक्ष राजेश मंडल,वरिष्ठ नेता हरिदास मंडल सहित नेतागण उपस्थित रहे। सभी ने राजमहल विधानसभा में फिर एक बार भाजपा को जिताने का संकल्प लिया। बैठक में बूथ जीतो,चुनाव जितो का नारा दिया गया। राजमहल विधायक अनन्त ओझा ने कहा कि यह चुनाव राज्य की हेमंत सोरेन की कुशासन का अंत का हैं पांच सालों में राज्य सरकार ने महिलाओं, युवाओं और गरीब किसानों को सिर्फ और सिर्फ ठगने का काम किया हैं विकास कार्यो को रोक दिया गया हैं आधारभूत संरचना का काम राज्य में बंद है। विधायक ने कहा कि राज्य सरकार की नकामी को लेकर जनता के बीच जाए कार्यकर्त्ता जनता के सामने के उजागर करें कैसे राज्य की हेमन्त सोरेन ने पांच साल तक सिर्फ और जनता को ठगने का काम किया हैं और तुष्टिकरण का बढ़ावा दिया हैं जेएमएम+कांग्रेस+राजद गठबंधन की सरकार ने न युवाओं को नौकरियाँ दीं, न ही बेरोजगारों को भत्ता दिया। उन्होंने सिर्फ और सिर्फ वादाखिलाफी का रिकॉर्ड और झारखंड को भ्रष्टाचार व घुसपैठियों का ठिकाना बनाया। राजमहल विधायक ने कहा कि दस सालों में राजमहल विधानसभा में तेजी से विकास हुआ हैं जहां एक ओर बिजली व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। मंगलहाट में पावर ग्रिड सहित पूरे विधानसभा में आधा दर्जन सब स्टेशन का निर्माण कराया गया। जर्जर तार पोल को बदला गया जिसके वजह से क्षेत्र में 22 घंटे बिजली लोगो को मिल रही हैं राजमहल क्षेत्र में एक डिग्री कॉलेज नहीं थी राजमहल में मॉडल डिर्गी कॉलेज का निर्माण कराया गया। अब यहाँ के बच्चे को भी उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। राजमहल में आधुनिक परीक्षा भवन का निर्माण कराया गया। राजमहल में स्टेडियम और बस स्टैंड का निर्माण कराया गया। फोरलेन का काम तेजी से चल रहा हैं गांव गांव में पक्की सड़क बनाई गई। शुद्ध पेयजल हेतु जलमीनार का निर्माण कराया गया। कन्हैया स्थान मंदिर का सौदर्यीकरण का काम हुआ। ऐसे अनेक योजनाएं के माध्यम से क्षेत्र में विकास हुआ हैं आने वाले दिनों में जनता का आशीर्वाद मिलता हैं तो जैसे साहिबगंज से मनिहारी गंगा पुल का निर्माण हुआ। वैसे ही राजमहल मानिकचक गंगा पुल का निर्माण भी होगा। इसका संकल्प मैने लिया हैं 2029 से पहले पुल का निर्माण होगा। इस अवसर पर रहे कार्तिक साह,रामानंद साह,शिवशंकर यादव,मनोज यादव,अमित गुप्ता,आनंद मण्डल,धर्मेंद्र मंडल,अमित कुमार मंडल,विनोद यादव,राजकिशोर उपाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

## जिले की टीम खेलो झारखंड राज्य स्तरीय विद्यालय अंडर 19 खो खो में बनी उपविजेता



**साहिबगंज।** झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची द्वारा मेगा स्पोर्टस कॉम्प्लेक्स,रांची में 26 से 29 अक्टूबर तक सम्पन्न खेलों झारखंड राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता में अंडर 19 वर्ष बालक की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राज्य स्तर पर उपविजेता बनी । ज्ञातब्य हो जिले 72 सदस्यीय टीम जिला टीम जिला शिक्षा परियोजना, साहेबगंज के सौजन्य से बस द्वारा रांची गई थी। अंडर 19 उपविजेता खो खो टीम को उपायुक्त श्री हेमंत सती, जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गा नंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक , जिला शिक्षा परियोजना के पदाधिकारीयों, खेल संघ के अधिकारियों ने उपविजेता टीम के प्रशिक्षक, प्रबंधक खेल शिक्षक राकेश राका, सुजीत मल्लिक, संजय कुमार, अन्ना मेरी सोरेन, लूसी मुर्मू समेत सभी खिलाडियों को बधाई दी ।

## भाजपा ने हिंन्दू धर्म रक्षा मंच को किया दरकिनार, भुगतेंगे खमियाजा-संत कुमार



**राजमहल।** संताल एक्सप्रेस। राजमहल।हिंदू धर्म रक्षा मंच की राजमहल बूथ स्तर कार्यकर्ता बैठक रविवार को विवाह भवन हॉल, राजमहल में संपन्न हुई। बैठक कि अध्यक्षता मंच के जिला प्रभारी श्री तपन मंडल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष तथा महासचिव बजरंगी महतो अन्य मंच के पदाधिकारी कि उपस्थिति में बैठक हुई । बैठक में कार्यकर्ता के बीच राजमहल विधानसभा चुनाव से संबंधित चर्चा हुई। मंच के जिला प्रभारी श्री तपन मंडल ने कहा कि भाजपा के जिला पदाधिकारी के द्वारा और ना ही प्रत्याशी के द्वारा लोकसभा चुनाव हो या विधानसभा हो हर चुनाव में पार्टी द्वारा दरकिनार कर चलते हैं। कभी भी मंच के किसी भी सदस्य को सम्मान नहीं दिया जाता है। बैठक में विधानसभा चुनाव पर चर्चा करते हुए सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राजमहल विधानसभा सीट से स्वतंत्र उम्मीदवार सुनील यादव जी को समर्थन दे कर विधानसभा सीट जीत हासिल करना है। मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष संत कुमार घोष ने सुनील यादव को माला पहनकर स्वागत किया। इस दौरान श्री घोष ने कहा कि राजमहल विधानसभा क्षेत्र के सभी कार्यकर्ता एवं आम जनता से भी अपील करते हुए कहा कि सुनील यादव भारी मतों से विजय बनावे का संकल्प के साथ क्षेत्र में प्रचार प्रसार में लग जाना है। मंच के प्रदेश महासचिव बजरंगी महतो ने भी कार्यकर्ता को संबोधित करते हुए कहा कि कोई भी चुनाव हो हर चुनाव में हिंदू धर्म रक्षा मंच के कार्यकर्ता को अनादर किया जाता है इसलिए मंच के कार्यकर्ता का निर्णय सर्वोपरी है और हम लोग मानते हुए राजमहल विधानसभा क्षेत्र के स्वतंत्र प्रत्याशी सुनील यादव को जीता कर विधानसभा रांची भेजना है। बैठक में मिथुन राजवंशी बिरजू घोष, अनिकेत मंडल, देवाशीष यादव, अरविंद बसाक, देवाशीष मंडल, सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

## रक्तदान महा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया



**साहिबगंज।** सदर अस्पताल परिसर में सोमवार को रक्तदान महा अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रक्त अधिकोष में आये दिन रक्त की कमी काफी चिंता जनक रही।जिसके कारण मरीजों एवं उसके परिजनों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था।यह रक्त अधिकोष एवं मरीजों के लिए काफी चिंता का विषय रहा,हालांकि आए दिन वक्त वक्त पर मरीजों की रक्तापूर्ति ब्लड डोनेशन के द्वारा हर संभव पूर्ण की जा रही थी। परंतु ब्लड बैंक में रक्त की संख्या शून्य होने पर ब्लड डोनेशन ने अपना एक कदम रक्त अधिकोष की रक्त यूनिट संख्या को बढ़ाने को लेकर सदर अस्पताल में रक्तदान महा अभियान शिविर लगा कर कुल 23 सदस्यों से रक्तदान करवाया और रक्त अधिकोष में रक्त यूनिट की संख्या में बढ़ोतरी की।ब्लड डोनेशन एनएसएस,के इस कदम ने समाज के काफी लोगो को प्रेरित किया है और समाज मे रक्त दान से जुड़े हर भ्रम को दूर करने की कोशिश की।जानकारी के लिए बता दें कि रक्तदाताओं में शामिल डीएस डॉक्टर मोहन मुर्मू,डॉक्टर मुकेश कुमार,डॉक्टर अलीबुद्दीन अंसारी,डॉक्टर भारती कुमारी,ब्लड बैक क्लर्क प्रवीण सक्सेना,स्टोर कीपर विष्णु कुमार साह,एलटी गुड़िया कुमारी,पत्रकार अमित कुमार,अन्य लोग मौजूद थे।

## 140 पीस बोतल देशी शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार



**मंड़रो,साहिबगंज।** मिर्जाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव के द्वारा विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए,क्षेत्र में लगातार गश्ती,जांच अभियान व छापेमारी चलाई जा रही है।वहीं सोमवार दोपहर को गुप्त सूचना के आधार पर मिर्जाचौकी थाना प्रभारी के निर्देश पर थाना के एएसआई विल्सन हांसदा के द्वारा मिर्जाचौकी मोड़ पर छापेमारी कर 180 एमएल का 140 पीस बोतल शराब जब्त कर मिर्जाचौकी थाना लाया गया है। इधर थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव ने बताया की छापेमारी के क्रम में देशी शराब की बोतल के साथ राजेश मंडल 19 वर्ष को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है। जो बिहार के पन्नूचक घोघा का निवासी है। जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## नन्दलाल साह ने कई लोगो को लोकहित अधिकार पार्टी का सदस्यता दिलाया



**साहिबगंज।** लोकहित अधिकार पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता नन्दलाल साह ने नाथानिएल मालतो और उनके सहयोगियों लोकहित अधिकार पार्टी का पट्टा एवं टोपी पहना कर पार्टी में शामिल किया।वही नन्दलाल साह ने नाथानिएल मालतो को पार्टी से बरहेट विधानसभा से प्रत्याशी बनाने की बात कही,एवं बरहेट विधानसभा की तैयारी के लिए क्षेत्र में भ्रमण कर अपने पक्ष में मतदान करने को कहा।

## वाहन जांच के दौरान पिकअप वैन से कैश बरामद

**बरहरवा ।** विस चुनाव 2024 को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक साहिबगंज के निर्देशानुसार इंटरडिस्ट्रिक्ट/इंटरस्टेट चेक पोस्ट पर सघन जांच जारी है। इसी क्रम में बरहरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत महताबपुर चेक नाका पर वाहन जांच के दौरान पुलिस ने एक पिकअप वैन से भरी मात्र में चार लाख 66,500 -रुपए बरामद किया है, वाहन चालक एवं वाहन में मौजूद व्यक्ति के द्वारा उक्त कैश के संबंध से कोई भी वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया गया एवं अग्रतर कार्रवाई की जा रही है।

## काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक

**साहिबगंज।** काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा को लेकर जिरवाबाड़ी थाना परिसर में शांति समिति की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता एसडीपीओ किशोर तिर्की ने की। इस दौरान शांति समिति सदस्यों ने सौहार्द पूर्ण काली पूजा, दीपावली व छठ पूजा मानने में एक दूसरे को सहयोग करने की बात कही। वहीं एसडीपीओ नेह कहा कि किसी प्रकार का किसी भी धर्म या समुदाय को ठेस पहुंचाने वाले पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। किसी प्रकार का अफवाह सोशल मीडिया या अन्य माध्यम से फैलाने की कोशिश करने वालों व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी। बताया कि निर्धारित समय पर विसर्जन शांतिपूर्वक तरीके से करने की सहमति पूजा समितियों ने जताई है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील इलाकों व हर चौक चौराहों पर पुलिस बलों की तैनाती रहेगी। सीसीटीवी व ड्रोन कैमरों से नजर रखी जायेगी। वहीं पंडालों अग्निशमन व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। कहा कि हाईकोर्ट के निर्देश के अनुसार डीजे पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश नहीं मानने पर लाउडस्पीकर एक्ट के तहत कार्रवाई होगी। वहीं डीजे जब्त कर लिया जाएगा। साउंड हर हाल में 90 डेसिबल से ज्यादा नहीं होगा। शराब पीने वालों से प्रशासन सख्ती से निपटेगी। मौके पर थाना प्रभारी सहित अन्य मौजूद थे।

## स्कूलों में मतदान जागरूकता को लेकर मम्मी-पापा वोट दीजिए कार्यक्रम का आयोजन



**मंड़रो,साहिबगंज।** प्रखंड अन्तर्गत सभी विद्यालय में सोमवार को मम्मी पापा वोट दीजिए।कार्यक्रम के तहत + 2 वन प्रवासी उच्च विद्यालय भगैया में छात्र - छात्राओ के बीच शिक्षकों के द्वारा प्रार्थना सभा के दौरान मतदाता जागरूकता को लेकर शपथ ग्रहण कराया गया।इस दौरान माता-पिता व अभिभावक को पत्र लेखन एवं निबंधन लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।वहीं जानकारी देते हुए शिक्षा विभाग के बीपीओ मनीष कुमार ने बताया की विधानसभा चुनाव को लेकर प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कराई जा रही है।जिसमें छात्र अपने मम्मी-पापा को पत्र के माध्यम से लिख कर बता रहा है,कि अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें।झारखंड राज्य को स्वच्छ सुंदर बनाने और हमारे भविष्य के लिए सहयोग दीजिए और मम्मी-पापा वोट दीजिए। इसको लेकर जागरूकता अभियान चलाई जा रही है।मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक लक्ष्मण प्रसाद के अलावा बीआरपी क्लाइमेट सोरेन,सीआरपी द्वारिका प्रसाद महतो सहित कई शिक्षक उपस्थित थे।

## सीएस ने सुमन ट्रेनिंग का उद्घाटन



साहिबगंज।सिविल सर्जन सभागार हॉल में सोमवार को स्वास्थ विभाग की ओर से सुमन ट्रेनिंग का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉक्टर प्रवीण कुमार संथालिया ने किया । जिसका उद्देश्य मातृत्व मृत्यु दर तथा नव जात शिशु के मृत्यु दर में कमी लाया जाए एवं गुणवत्ता पूर्ण प्रजनन स्वास्थ सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मास्टर ट्रेनर के रूप में डॉक्टर अमित कुमार एवं डॉक्टर राजेश कुमार के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।जिसमें सभी स्वास्थ्य स्थान के तीन तीन एएनएम,जीएनएम तथा एक चिकित्सा पदाधिकारी भाग लिया ।मौके डीडीएम अमित कुमार कच्छप,बीपीएम,हिना गौरव वर्णवाल,डीपीसी,संदीप कुमार,डॉक्टर पीतांबर कुमार,डॉक्टर स्नेहा यादव,डॉक्टर दिलीप कुमार, आशित कुमार,रोहित कुमार , गोंड, चिन्मय शेन,यूसेड, शुभेंग, डीपीएम यू राजीव कुमार,ओर अन्य लोग मौजूद थे।

# मधुपुर और सारठ विधानसभा क्षेत्रों में नामांकन का जोर, दिग्गजों ने किया शक्ति प्रदर्शन

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** मधुपुर विधानसभा चुनावों के नामांकन के छठे दिन सोमवार को मधुपुर और सारठ विधानसभा क्षेत्रों से विभिन्न पार्टियों के दिग्गज नेताओं ने अपने समर्थकों के साथ शक्ति प्रदर्शन करते हुए नामांकन पत्र दाखिल किए। मधुपुर से झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के उम्मीदवार हफीजुल हसन ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया। उनके साथ बिहार के पूर्णिया सांसद पप्पू यादव भी मौजूद रहे। सारठ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रत्याशी रणधीर सिंह ने अपने समर्थकों के साथ नामांकन दाखिल किया, जबकि इंडिया गठबंधन के झामुमो प्रत्याशी उदय शंकर सिंह उर्फ चुना सिंह ने भी पूरी तैयारी और शक्ति प्रदर्शन के साथ नामांकन दाखिल किया। मधुपुर और सारठ विधानसभा क्षेत्रों में कई अन्य निर्दलीय और छोटे दलों के उम्मीदवारों ने भी अपने नामांकन दाखिल किए, जिनमें राष्ट्रीय जन क्रांति मोर्चा से अब्दुल लतीफ अंसारी, निर्दलीय प्रत्याशी सहूद अंसारी, विनोद कुमार यादव और संतोष कुमार गुप्ता शामिल हैं। नामांकन के बाद भाजपा ने मधुपुर रेलवे फुटबॉल ग्राउंड में एक विशाल जनसभा का आयोजन किया, जहां भाजपा नेता चंपई सोरेन और सांसद निशिकांत दुबे ने जनसमूह को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रत्याशी के पक्ष में वोट मांगे। वहीं झारखंड मुक्ति मोर्चा ने पथर्चपटी मोहल्ला स्थित आम बागान मैदान में रैली कर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और सांसद पप्पू यादव ने अपनी उपस्थिति दर्ज की और जनता से झामुमो प्रत्याशी को जिताने की अपील की। नामांकन के बाद हफीजुल हसन ने मीडिया से बातचीत में भाजपा पर तीखे आरोप लगाए, कहा कि जिसने





आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपमानित करने का प्रयास किया, वह झारखंड की हितैषी नहीं हो सकती। हसन ने कहा, ÷हेमंत सोरेन ने झारखंड के विकास और महिलाओं की गरिमा को सर्वोपरि रखा है; मुझे पूरा विश्वास है कि इस बार महिलाएं खुद आगे बढ़कर झामुमो को जिताएंगी और राज्य में फिर से हेमंत सरकार बनेगी।

सारठ से झामुमो प्रत्याशी उदय शंकर सिंह ने कहा, यह चुनाव सारठ की



जनता, छात्र, नौजवान, किसान और मजदूर लड़ रहे हैं। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में जनता की दशा बदलने के लिए कई योजनाएं जमीन पर उतरी हैं। मैं दावे के साथ कहता हूँ कि झारखंड में एक बार फिर से हेमंत सरकार ही बनेगी।÷ वहीं, भाजपा प्रत्याशी रणधीर सिंह ने अपने कार्यकाल में किए गए विकास कार्यों का हवाला देते हुए कहा कि जनता इस बार विकास को वोट देगी। मधुपुर से भाजपा प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने दावा किया, मधुपुर की जनता बदलाव चाहती है। भाजपा की जीत को अब कोई नहीं रोक सकता, और यह सीट भाजपा की झोली में ही जाएगी।

# राजद उम्मीदवार सुरेश पासवान ने देवघर सीट से किया नामांकन दाखिल

## नामांकन के बाद कहा गठबंधन की सरकार बनना तय

**संवाददाता**

**देवघर।** झारखंड विधानसभा का देवघर क्षेत्र एस सी के लिए सुरक्षित है। इस क्षेत्र से कई बार विधायक रहे सुरेश पासवान ने सोमवार को अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। पूर्व नगर विकास मंत्री और राजद नेता सुरेश पासवान ने 2 सेटों में अपना नामांकन सदर अनुमंडल कार्यालय में आरओ के समक्ष दाखिल किया है। इंडी गठबंधन के घटक दल राजद के प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने के बाद सुरेश पासवान ने इस बार रिकॉर्ड मतों से जीतने का दावा किया है. सुरेश पासवान ने बताया है कि झारखंड में हेमंत सरकार ने सभी वर्ग,धर्म,जाति और आयु वर्ग के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं शुरू की है जिसका लाभ सभी को मिल रहा है. इस सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है. झारखंड की



जनता दुबारा हेमंत सोरेन की सरकार बनाने के लिए उत्सुक हैं और झारखंड में एक बार फिर से गठबंधन की सरकार बनना तय है. इसमें देवघर विधानसभा भी शामिल रहेगा।

# मधुपुर से गंगा नारायण की जीत सुनिश्चित : चंपाई सोरेन

## झारखंड में यही चर्चा है कांग्रेस का संस्कार है या नहीं?

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** एनडीए प्रत्याशी गंगा नारायण सिंह ने सोमवार को अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन किया। भाजपा नेता गंगा नारायण सिंह की चुनावी नामांकन सभा को रेलवे फुटबॉल मैदान में संबोधित करते हुए भाजपा नेता पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा, कांग्रेस और राजद ने झारखंड के लिए कभी अच्छा नहीं सोचा। कांग्रेस ने ही झारखंड आंदोलन कुचलने का काम किया, झारखंडवासियों को कभी न्याय नहीं दिया।आदिवासी, दलित और पिछड़े वर्गों के साथ हमेशा अन्याय किया। कांग्रेस के विधायक ने आदिवासी महिला पर शर्मनाक टिप्पणी की। सीता सोरेन गुरुजी के परिवार की बड़ी बहू है, किस तरह टिप्पणी कर दी। झारखंड में यही चर्चा है कांग्रेस का



संस्कार है या नहीं। झारखंड मुक्ति मोर्चा ने इस मामले में एक शब्द भी बोलने का हिम्मत नहीं की, यह कितने शर्म की बात है। इसका जवाब जनता वोट के माध्यम से देगी। संतालपरगना में आदिवासी मूलवासी की संख्या घटती जा रही है। आदिवासी की जमीन कब्जा हो रहा है। जेएमएम के नेतृत्व वाली सरकार कुछ बोलने को तैयार नहीं। मां, बहन, बेटी का इज्जत खतरे में है। झारखंड में परिवर्तन की लहर है। झारखंड में भाजपा गठबंधन की जीत सुनिश्चित है। क्षेत्र में आदिवासियों की हत्या हो रही है। राजेश मुर्मू की हत्या कर दी गई। असहाय परिवार का कोई सहारा नहीं। नौकरी में दौड़ के नाम पर 18 युवकों की मौत हो गई, सरकार नियमों को शिथिल कर सकती थी। झारखंड को बचाना है तो राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार बनाना है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास हो सकता है दूसरा किसी के नेतृत्व में नहीं। झारखंड में 5 महीने के कार्यकाल में मंईयां सम्मान योजना सेमत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को लागू किया। उनके हटाने के बाद कल्याणकारी योजना बंद कर दी गई। झारखंड को बचाना है, संतालपरगना में घुसपैठियों को रोकना है। भ्रष्टाचार को रोकना है, विकास करना है तो भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर विजयी बनाना है। मधुपुर विधानसभा से गंगा नारायण सिंह की जीत सुनिश्चित करना है।

# खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन





**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** खेलो झारखंड के अंतर्गत राज्य स्तरीय एसजीएफआई खो खो प्रतियोगिता के - 14/17/19 बालक और बालिका वर्ग की प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 26 /10/ 2024 से 28 /10/ 2024 तक खेलगांव ,रांची में हुआ।जिसमें देवघर जिले का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा। -14 बालक वर्ग में फाइनल मुकाबला देवघर और गुमला के बीच खेला गया जो बहुत ही रोमांचक मुकाबला रहा। जिसमें देवघर उप विजेता रहा। बालक वर्ग में बेस्ट चेजर राज रजवार रहे ।वही - 17 बालक वर्ग का मुकाबला क्वार्टर फाइनल में जामताड़ा से हुआ जो बहुत ही रोचक और कांटे का मुकाबला रहा देवघर से खो- खो प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दल का प्रदर्शन बहुत ही सराहनीय रहा इस दल के प्रशिक्षक और प्रबंधन के रूप में अखिलेश कुमार राजभर अमित कुमार द्विवेदी और विक्रम सिंह, पिंकी हेंब्रम, सुमन कुजूर थे। - 14 बालक वर्ग में मिथिलेश कुमार ,सूरज कुमार, अमित कुमार ,प्लस टू विद्यालय तपोवन एवं राज रजवार ,अमित यादव ,निर्मल किसको ,निखिल मुर्मू ,लकी रजक ,सत्यम कुमार गुप्ता, कृष्ण रजक ,जीतू हेंब्रम और मोहम्मद अरबाज राजकीय कृत मध्य विद्यालय तिलक कला के छात्र है। इस अवसर पर जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार ,जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला शिक्षा परियोजना एडीपीओ अंबुज पांडे, फील्ड मैनेजर राम सागर एवं शारीरिक शिक्षक भैया शक्ति सिंह ,निर्भय कुमार यादव ,हरिदास कुमार प्रवीण कुमार ,मनीष कुमार आदि शिक्षकों के द्वारा बधाई संदेश भेजे गए।

## स्व. सरयुगवती देवी ट्रस्ट आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी को छह हजार रुपए छात्रवृति देगी

**देवघर ।** स्व. सरयुगवती देवी ( पति स्व. महेन्द्र नारायण वर्मा) छात्रवृति योजना ट्रस्ट द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर एक विद्यार्थी को छह हजार रुपए का छात्रवृति देगी। यह छात्रवृति सार्वजनिक चित्रगुप्त समिति नंदन पहाड़ में प्रदान किया जाएगा। ट्रस्ट के संस्थापक अध्यक्ष विजय कुमार वर्मा (अवकाश प्राप्त महाप्रबंधक सह मुख्य सह मुख्य अभियंता कोल इंडिया) ने बताया कि वार्षिक आय 2.60 लाख रुपये से कम आय वाले चित्रांश परिवार के 50 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रवृति के लिए आवेदन करने योग्य माने जाएंगे। एक से अधिक आवेदन प्राप्त होने पर अंकों के आधार पर विद्यार्थी का चयन किया जाएगा। चयन के लिए तीन सदस्यों की कमेटी गठित कर ली गई है। छात्रवृति के लिए वर्ग-पांच से स्नातक की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी आवेदन कर सकते है।

# देवघर संत फ्रांसिस की वागीशा एवं श्रेया केशरी ने देवघर वासियों का मान बढाया

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** संत फ्रांसिस स्कूल बी0 देवघर की वागीशा स्वास्ति ने राष्ट्रीय स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर संत फ्रांसिस स्कून एवं देवघर वासियों का मान बढ़ाया है। यह राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता मुंबई स्थित रॉयन इंटरनेशनल स्कूल गोरेगाँव में संपन्न हुई। जिसमें वागीशा,बिहार/झारखंड प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रही थी। इस प्रतियोगिता में भारत के सभी राज्यों के छात्र छात्राएँ सम्मिलित हुए जिसमें अपनी वाकपटुता एवं कुशल सम्प्रेषण का प्रदर्शन करते हुए संत फ्रांसिस स्कूल की वागीशा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर संत फ्रांसिस स्कूल एवं देवघर वासियों को गौरवान्वित किया है। जिसका विषय एनिमल शूड हैव राइट्स लाइक ह्यूमेन्स था। वागीशा पक्ष में अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत की, उसने अपनी तर्कशक्ति का जो परिचय दिया वह निश्चित रूप से सराहनीय है.निर्णायक मंडली द्वारा इस बात की प्रशंसा की गई। इस प्रकार की उपलब्धि पहली बार संत फ्रांसिस



की वागीशा के द्वारा प्राप्त किया गया। इस उपलब्धि के लिए विद्यालय के प्राचार्य फा0 अब्राहम कोलाडियिल एवं उपप्राचार्य फा0 प्रसेन्नजीत टोप्पो ने हार्दिक शुभकामना व्यक्त की एवं आगे भी छात्र छात्राओं को ऐसी प्रतिभा प्रदर्शन करने की सलाह दी। द्वादश कला की छात्रा श्रेया केशरी को नेशनल कियेटिव राइटिंग प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ।इस उपलब्धि में विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक सर जोश जोसेफ एवं दीपक थॉमस सर सीबी के0 ई0 एवं सौम्या झा की भूमिका सराहनीय रही। इन सबों के मार्गदर्शन में इनकी प्रतिभा प्रस्फुटित पल्लवित होकर फलित अवस्था में प्राप्त की। सुश्री उर्मिला मरांडी ने इन छात्राओं को अपना बहुमूल्य समय देकर इन्हें प्रोत्साहित किया।

# देवघर के छात्र रितिक रोशन ने पहले प्रयास में नेट एवं जेआरएफ में उत्तीर्ण

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर के शिक्षा में स्नातकोत्तर ( एम.ए. ई.डी. यू. ) के छात्र रितिक रोशन ने अपने पहले ही प्रयास में नेट एवं जेआर एफ की परीक्षा 99.56 परसेंटाइल से उत्तीर्ण किया है। ज्ञात हो कि रितिक रोशन इस समय शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि के लिए इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर के अंतर्गत जुलाई 2023 सत्र में नामांकित हैं और अपने अध्ययन क्रम को पूरा करते हुए नेट एवं जे आर एफ की तैयारी करते हुए यू जी सी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित परीक्षा में अपना परचम लहराया है.रितिक रोशन ने अपनी सफलता हेतु इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर द्वारा चलाए जा रहे ऑनलाइन काउंसलिंग सेशन के अंतर्गत सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ सरोज कुमार मिश्र को दिया है।रितिक रोशन की इस शानदार सफलता पर संपूर्ण इग्नू क्षेत्रीय केंद्र देवघर परिवार आह्लादित है।

# मजदूर की मौत, परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**संवाददाता**

**देवघर।** नगर थाना क्षेत्र के ढडवा नदी के पास ट्रैक्टर से गिरकर एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए देवघर सदर अस्पताल लाया गया। जहां जांचोपरांत ऑन ड्यूटी डॉक्टर ने उसे घोषित कर दिया। जानकारी मिलते ही परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। शव की पहचान किया। मृतक सिंघवा गांव निवासी कन्हैया पंडित है। घटना के संबंध में मृतक की पत्नी रूपा देवी ने बताया कि ट्रैक्टर मालिक ने फोन करके काम करने के लिए बुलाया था। वह काम करने चला गया। बताया कि दिन के 2 बजे सूचना दी गई की कन्हैया पंडित घायल हो गया है उसे देवघर सदर अस्पताल इलाज के लिये लाया गया है। पहुंचने पर देखा कि कन्हैया पंडित मृत अवस्था में पड़ा हुआ है। परिजनों ने हत्या की



आशंका जताई है। घटना की जानकारी पुलिस को होते ही पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया।

# मोहनपुर से ढोल -नगाड़े और विजयीघोष के साथ नामांकन दाखिला करने पहुंचे पार्टी कार्यकर्ता

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**मोहनपुर ।** राजद के प्रत्याशी सुरेश पासवान विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिला कराने के दौरान पार्टी के विभिन्न कार्यकर्ता व नेताओं दिन भर मेले जैसा माहौल बना रहा। मोहनपुर, रिखिया से नामांकन रैली में भारी संख्या में लोगों की भीड़ देखने को मिली। इस दौरान जगह-जगह पर फूलों की बारिश की गयी । ढोल नगाड़े के साथ धीरे-धीरे यह रैली देवघर कॉलेज मैदान तक पहुंची। वहीं इंडिया



गठबंधन के कार्यकर्ताओं में रैली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला।

# बैंड बाजा, ढोल- नगाड़ा संग बीजेपी के प्रत्याशी के नामांकन दाखिला में समर्थकों की भारी भीड़

**संताल एक्सप्रेस संवाददाता**

**देवघर ।** देवघर, जसीडीह, रिखिया ,घोरमारा, मोहनपुर भाजपा कार्यकर्ता ने दिनभर गाजे बाजे,ढोल नगाड़े के साथ अलग-अलग जगह से समर्थन करने में लगे विजयीघोष गूंज रहे थे। इस दौरान कमलकांत नरवाना स्टेडियम के पास हजारों कार्यकर्ताओं का हुजूम जुटा रहा। आज भाजपा प्रत्याशी नारायण दास ने नामांकन दाखिल किया। नामांकन रैली के दौरान जहां भारी भीड़ शहर के प्रमुख मार्गों पर रही। वहीं निर्वाचन कार्यालय के बाहर पुलिस मुस्तैद दिखाई दी। इस दौरान भाजपा के कई दिग्गज मंत्री और नेता सभा में मौजूद रहे।




**Vidhan Sabha Election-2024**
**Training Cell Deoghar**
**Training Programme for B.L.O.s at Block Level**
**Date- 03.11.2024 (Sunday), Time - 11.00 AM to 01:00 PM**

| Sl No | Block | No of B.L.O.s | Venue | Master Trainer |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Deoghar | 83 | Block Headquater, Deoghar | 1. श्री अवधेष कुमार सिंह, प्रधान शिक्षक, उ0उ0वि0, कोठिया, देवघर 2. श्री संजीव कुमार, सहायक शिक्षक, उ0उ0 विद्यालय, वार्ड नं0–06, देवघर 3. श्री डी0 अरनव, सहायक शिक्षक, मध्य विद्यालय, बीचगढ़ा, मोहनपुर |
| 2 | Deoghar Town | 258 | | |
| 3 | Devipur | 102 | Block Headquater, Devipur | 1. श्री अबिदूर रहमान, सहायक शिक्षक, म0वि0, कटघरी, देवीपुर 2. श्री बिनोद कुमार दास, सहायक शिक्षक, उ0उ0वि0, मचनाटीला, देवीपुर |
| 4 | Mohanpur | 152 | Block Headquater, Mohanpur | 1. श्री राजकमल दुबे, सहायक शिक्षक, प्रा0वि0, घोरदोड़ा, मोहनपुर 2. श्री राज कुमार झा, सहायक शिक्षक, उ0उ0 विद्यालय, वार्ड नं0–06, देवघर |
| 5 | Madhupur | 115 | Block Headquater, Madhupur | 1. श्री संजीत कुमार उपाध्याय, सहायक शिक्षक, उ0वि0, जगदीशपुर, मधुपुर 2. श्री रतनलाल कमर्हे, सहायक शिक्षक, प्र0वि0, मालपुर, देवघर 3. श्री सुजीत कुमार राय, सहायक शिक्षक, +2 उ0उ0वि0, केन्दुआ, देवीपुर |
| 6 | Madhupur Town | 44 | | |
| 7 | Karown | 79 | Block Headquater, Karown | 1. श्री अभिषेक त्रिपाठी, स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक, उत्क्र0 उच्च विद्यालय, जोरामो, करौं 2. श्री धर्मेन्द्र कुमार, सहायक शिक्षक, उत्क्रमित +2 विद्यालय, बसकुपी, करौं |
| 8 | Margomunda | 75 | Block Headquater, Margomunda | 1. श्री अशोक कुमार मंडल, सहायक शिक्षक, उ0म0वि0, चित्तोलोढ़िया 2. श्री प्रशांत कुमार, सहायक शिक्षक, मध्य विद्यालय, देवघर |
| 9 | Sarath | 167 | Block Headquater, Sarath | 1. श्री राजेश कुमार, सहायक शिक्षक, उ0म0वि0, श्रीडंगाल, सारठ 2. श्री किशोर, सहायक शिक्षक, उ0उ0 विद्यालय, कड़ैहिया, सारठ |
| 10 | Palojori | 145 | Block Headquater, Palojori | 1. श्री आलोक रंजन, सहायक शिक्षक, उ0म0वि0, गोपीबांध, सारठ 2. श्री अखिलेश कुमार राय, सहायक शिक्षक, +विद्यालय पथरड्डा, सारठ |
| 11 | Sarwan | 85 | Block Headquater, Sarwan | 1. श्री सुनील कुमार झा, सहायक शिक्षक, म0वि0 जिरूलिया, सारवॉं 2. श्री आशीष कुमार दुबे, सहायक शिक्षक, उ0म0वि0 टिकोरायडीह, सारवॉं |
| 12 | Sonaraithari | 56 | Block Headquater, Sonaraithari | 1. श्री संतोष कुमार, सहायक शिक्षक, उ0उ0वि0, तिलकपुर, सोनारायठाढ़ी 2. श्री प्रदीप कुमार मंडल, सहायक शिक्षक, उ0उ0वि0, मगडीहा, सोनारायठाढ़ी |

D.E.O.-Cum-D.C.
Deoghar

PR 339627 (Deoghar) 24-25 (D)

## पोड़ैयाहाट विस से जेएलकेएम प्रत्याशी आज करेंगे नामांकन

**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट विधानसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी प्रवीण कुमार महतो मंगलवार 29 अक्टूबर को नामांकन करने की भव्य तैयारी कर रहे हैं। वहीं जेएलकेएम प्रत्याशी प्रवीण कुमार महतो ने बताया कि वे मंगलवार 29 अक्टूबर को दिन के 11 बजे नामांकन करेंगे। इसके बाद गोड्डा कॉलेज चौक के सामने स्थित मैदान में विशाल नामांकन सभा को संबोधित करेंगे। वहीं नामांकन के बाद जनसभा कार्यक्रम में जेएलकेएम के केंद्रीय पदाधिकारी, पार्टी के सक्रिय सदस्य, पोड़ैयाहाट विधानसभा के विभिन्न प्रखंडों, गांव, टोला, कस्बा, मोहल्ला से लोग शामिल होंगे। कहा कि पोड़ैयाहाट विधानसभा में जेएलकेएम का नामांकन रैली भव्य व ऐतिहासिक होगा। वहीं उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से आपसी मनमुटाव भेदभाव को भूलकर चुनाव में कार्य करने की बात कही।

## महागामा विधानसभा से बीजेपी के अशोक भगत ने छठी बार किया नामांकन



**हनवारा संवाददाता ।** संथाल परगना के सबसे चर्चित विधानसभा सीटों में से एक महागामा में हमेशा से ही भाजपा और कांग्रेस के बीच महामुकाबला रहा है। इस चुनाव में भी दोनों पार्टियों के प्रत्याशी मैदान में हैं, जहां एक तरफ कांग्रेस से दीपिका पांडेय सिंह ने 24 को नामांकन किया था वहीं भाजपा ने एक फिर अशोक भगत को प्रत्याशी बनाया है। जिसके बाद सोमवार को अशोक भगत ने भी महागामा अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। वहीं नामांकन के दौरान हजारों की संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ आम लोगों की भीड़ देखी गई। वहीं नामांकन के बाद उर्जानगर स्थित राजेन्द्र स्टेडियम में एक जनसभा का आयोजन किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने वर्तमान सरकार पर जमकर निशाना साधा। वहीं भाजपा प्रत्याशी अशोक कुमार भगत ने भी वर्तमान सरकार व स्थानीय विधायक पर जमकर निशाना साधा। इस दौरान कई दिग्गज नेताओं को भी मंच पर देखा गया। वहीं इस जनसभा को संबोधित करते हुए बोरियो से पूर्व विधायक सह वतर्मान में भाजपा प्रत्याशी लोबिन हेम्ब्रम ने कहा कि ये सरकार झूठे वादे करते हैं। मैंने उनसे सवाल किया तो मुझे पार्टी से निकाल दिया गया, अच्छा हुआ की मुझे पार्टी से निकाला गया,देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पार्टी के कार्यकर्ता बनने पर मुझे गर्व है।

## गुरुकुल प्राइवेट आई टी आई घाट कुराबा,पथरगामा में दीक्षांत समारोह का किया गया आयोजन




**पथरगामा प्रतिनिधि ।-** गुरुकुल प्राइवेट आई टी आई घाट कुराबा ,पथरगामा में दीक्षांत समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें सभी स्टूडेंट्स को सर्टिफिकेट और मार्कशीट वितरण किया गया। साथ ही टॉप स्टूडेंट्स को पुरस्कृत भी किया गया। इलेक्ट्रीशियन में देव कुमार सिंह, फिटर में राकेश कुमार यादव, सर्वेयर में सुमन कुमार और हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर में साक्षी कुमारी टॉप स्थान पे रहे। साक्षी कुमारी सबसे ज्यादा अंक प्राप्त करके संस्थान की टॉपर रही। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पथरगामा जिला परिषद सदस्य पश्चिमी पूनम देवी उपस्थित रही उनके द्वारा स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। प्राचार्य पवन कुमार पासवान, रंजन सिंह, रविकांत सिंह, साकेत कुमार , विवेक कुमार, गुलशन कुमार, दिवाकर कुमार, खुशबू कुमारी उपस्थित रहे।

## जामताड़ा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का उपायुक्त ने किया निरीक्षण, दिए जरूरी दिशा निर्देश



**जामताड़ा ।** सोमवार को आगामी छठ महापर्व के मद्देनजर उपायुक्त कुमुद सहाय ने जामताड़ा नगर पंचायत क्षेत्र के विभिन्न छठ घाटों का निरीक्षण कर साफ सफाई एवं घाटों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सहाना मत्स्य कार्यालय के समीप छठ घाट एवं कायस्थपाड़ा राजाबांध स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान राजाबांध छठ घाट में पसरी गंदगी को देखकर नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब साफ सफाई करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत जामताड़ा को सभी छठ घाटों की बेहतर साफ सफाई, घाटों में गहरे पानी को देखते हुए पर्याप्त बैरिकेडिंग, पहुंच पथ को दुरुस्त करने सहित कई जरूरी दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा छठ घाट आने के दौरान व्रतियों व श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की दिक्कत न हो, इसके लिए सभी व्यवस्था दुरुस्त करें। उन्होंने छठ पूजा को लेकर छठ व्रतियों व श्रद्धालुओं के घाट पहुंचने के दौरान रास्ते की साफ सफाई, प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था के अलावा अन्य सभी व्यवस्थाओं को जल्द से जल्द दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत जामताड़ा दानिश हुसैन के अलावा नगर पंचायत के कर्मी सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## हेमंत विश्वशर्मा पहुंचे जामताड़ा, सीता सोरेन की रैली में हुए शामिल



**संवाददाता**

**जामताड़ा ।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन की ज्येष्ठ पुत्रवधू सीता सोरेन ने भाजपा प्रत्याशी के रूप में जामताड़ा से नामांकन दाखिल करने के बाद पूरे शहर में रैली निकाली और लोगों का अभिवादन किया। भाजपा प्रत्याशी के द्वारा निकाली गई इस रैली में असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा शामिल हुए। शहर के चंचला माता मंदिर चौक से मुख्यमंत्री इस रैली में शामिल हुए और टावर चौक होते हुए गांधी मैदान स्थित जनसभा स्थल तक पैदल ही लोगों का अभिवादन किया। भाजपा की इस रैली में जामताड़ा विधानसभा के जुझारू कार्यकर्ताओं के साथ समर्थक और आमलोग शामिल हुए। गांधी मैदान में भाजपा के द्वारा जनसभा का आयोजन किया गया जहां आदिवासी महिलाओं की भारी तादाद दिखाई दी जो सुदूरवर्ती गांव से अपने प्रत्याशी को सुनने के लिए गांधी मैदान पहुंचे थे। सीता सोरेन की यह रैली सभा स्थल से ही आरंभ हुई और गाजे-बाजे के साथ पूरे नगर का भ्रमण किया। मुख्य बाजार होते हुए रैली इंदिरा चौक पहुंची जहां भाजपा के स्टार प्रचारक सह असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा रैली में शामिल हुए। इसके उपरांत यह रैली स्टेशन रोड होते हुए टावर चौक और फिर गांधी मैदान में जाकर संपन्न हुई। असम मुख्यमंत्री के शामिल होने से स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं की ऊर्जा में काफी इजाफा दिखाई दिया। उत्साह से लबरेज भाजपा कार्यकर्ता पूरे जोश के साथ नारा लगाते हुए रैली में चल रहे थे। भाजपा की इस रैली में गठबंधन दल आजसू के सैकड़ो कार्यकर्ता भी शामिल हुए।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो संथाल परगना से खदेड़े जाएंगे बंग्लादेशी घुसपैठिए : हेमंत विश्व शर्मा

**जामताड़ा ।** सोमवार को भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन की रैली में शामिल होने जामताड़ा पहुंचे असम के मुख्यमंत्री हेमंत विश्वशर्मा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि यदि भाजपा की सरकार झारखंड में बनती है तो संथाल परगना से सबसे पहले घुसपैठियों को खदेड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना मिनी बांग्लादेश बनने की कगार पर खड़ा है। संथाल परगना के भोले भाले आदिवासी युवतियों को बहला फुसला कर घुसपैठिये इनसे शादी कर रहे हैं और यहां के लचर कानून व्यवस्था का नाजायज फायदा उठाकर समाज पर हावी होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कानून बनाएगी और उस कानून के तहत इन घुसपैठियों के बढ़ते हुए अधिकारों को रोका जाएगा। जो भी आदिवासी युवतियाँ इन घुसपैठियों से विवाह कर रही है उनके बच्चों को आदिवासी का दर्जा नहीं मिलेगा और वह महिला कभी भी यहां एकल पद पर चुनाव नहीं लड़ पाएगी। ना मुखिया बन सकेगी और न ही जिला परिषद अध्यक्ष। कहा कि सरकार बनी तो झारखंड में एनआरसी लागू होगा और ऐसा कानून बनेगा जिससे इन घुसपैठियों को कानून के रास्ते से धक्का देकर निकाला जा सके साथ ही नाजायज तरीके से आदिवासी युवतियों के साथ विवाह करके यह मुखिया जैसे पदों पर इनडायरेक्ट रूप से हावी हो रहे हैं उसे भी रोका जाएगा। उन्होंने कहा कि आज जामताड़ा में कार्यकर्ताओं और समर्थकों के उत्साह तथा समर्थन का जो रूप देखने को मिला उससे मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि सीता सोरेन हर हाल में यहां से चुनाव जीतेगी और इस क्षेत्र का बेहतर तरीके से विकास करेंगी।



अशोक कुमार भगत ने किया नामांकन दाखिल



देवेंद्र नाथ सिंह ने दाखिल किया नामांकन पर्चा



प्रदीप यादव ने दाखिल किया नामांकन पर्चा



निर्दलीय प्रत्याशी प्रखर मंडल ने दाखिल किया नामांकन पत्र

## गोड्डा, पोड़ैयाहाट एवं महागामा विस से कुल 19 प्रत्याशियों ने किया नामांकन, 07 ने खरीदा पर्चा

**गोड्डा ।** पोड़ैयाहाट विधानसभा क्षेत्र से 06 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। जिसमें इंडियन नेशनल कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार प्रदीप यादव, भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देवेंद्र नाथ सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार ठाकुर विक्रम सिंह, निर्दलीय उम्मीदवार मुकेश टुडू, बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार संजय यादव एवं लोकहित अधिकार पार्टी के उम्मीदवार जयप्रकाश दास ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

**गोड्डा से 09 प्रत्याशियों ने किया नामांकन**

वहीं गोड्डा विधानसभा क्षेत्र से 09 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन दर्ज किया एवं 03 प्रत्याशियों ने पर्चे खरीदे। जिसमें राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) पार्टी के उम्मीदवार संजय प्रसाद यादव, निर्दलीय उम्मीदवार प्रीतम सिंह, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) पार्टी के उम्मीदवार राजू कुमार, समता पार्टी के उम्मीदवार नूर हसन, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के उम्मीदवार रंजीत कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ़ इंडिया (डेमोक्रेटिक) के उम्मीदवार बलराम पासवान, निर्दलीय उम्मीदवार हेमकांत ठाकुर, निर्दलीय उम्मीदवार प्रखर कुमार, निर्दलीय उम्मीदवार अरविंद रामदास ने अपना नामांकन दर्ज किया वहीं तीन उम्मीदवारों में निर्दलीय उम्मीदवार श्याम सुंदर मिर्धा, निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद शाहिद रजा, निर्दलीय उम्मीदवार रजनीश भारती ने पर्चा खरीदा।

**महागामा से 04 उम्मीदवारों ने किया नामांकन**

वहीं महागामा विधानसभा क्षेत्र से 04 उम्मीदवारों ने अपना नामांकन किया एवं 04 उम्मीदवारों ने फार्म खरीदा जिसमें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार अशोक कुमार, निर्दलीय उम्मीदवार कृष्ण मोहन चौबे, निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद हारुन रशिद एवं ऑल इंडिया मजलिस -ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद कामरान खान ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। वहीं चार उम्मीदवार में निर्दलीय उम्मीदवार मोहम्मद खुर्शीद आलम एवं विश्व शक्ति पार्टी के उम्मीदवार मोहम्मद तौकीर उसमानी, निर्दलीय उम्मीदवार शंभू ठाकुर एवं निर्दलीय उम्मीदवार पवन कुमार तुरी ने पर्चा खरीदा।

## पुलिस गश्ती के दौरान मोटरसाइकिल सहित 34 बोतल अंग्रेजी शराब किया जब्त, अभियुक्त फरार



**गोड्डा ।** ठाकुरगंगटी थाना की दिवा गश्ती दल क्षेत्र में आसूचना संकलन के लिए भ्रमणशील थी। इसी क्रम में जब गश्ती दल माल मण्डरो बाजार के समीप पहुँची तो एक बिना नम्बर प्लेट के काला रंग के मोटरसाईकिल से एक युवक को आते हुए देखा गया। तत्पश्चात गश्ती दल द्वारा उक्त युवक को दूर से हीं रुकने का ईशारा किया गया किन्तु उक्त युवक तेजी से अपनी मोटरसाईकिल रोक कर खड़ा करते हुए वहाँ से हाट की तरफ भागने लगा, जिसे गश्ती दल द्वारा पीछा किया गया किन्तु वह युवक हाट का भीड-भाड़ वाला ईलाका होने के कारण भागने में सफल रहा। इसके बाद उक्त मोटरसाईकिल को गश्मी दल द्वारा जाँच करने पर पाया गया कि उक्त मोटरसाईकिल बजाज कम्पनी का सी0टी0 100 बिना पंजीकरण नम्बर का है। इसके उक्त मोटरसाकिल के पीछे कैरियर में बंधे प्लास्टिक के झोला खोलकर देखने पर उसके अन्दर विभिन्न कम्पनियों का अलग-अलग मात्रा का अंग्रेजी शराब पाया गया। इसके बाद बरामद मोटरसाईकिल एवं अंग्रेजी शराब को जप्त किया गया है जिस सन्दर्भ में ठाकुर गंगटी थाना में अज्ञात के विरूद्ध दर्ज किया गया है। वहीं गश्ती के दौरान पुलिस ने बजाज सी0टी0 100 बिना रजि0 के मोटरसाइकिल के साथ केन बियर 500 एमएल बारह पीस, 180 एमएल आठ बोतल, 750 एमएल छः बोतल, 375 एमएल आठ बोतल कुल चौतीस बोतल अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। उक्त गश्ती दल में सहायक अवर निरीक्षक कामेश्वर उराँव, ठाकुरगंगटी थाना एवं रिजर्व गार्ड शामिल थे।



राजद प्रत्याशी संजय यादव ने दाखिल किया नामांकन पर्चा

## मेहरमा के धानुक समाज ने महागामा विस कांग्रेस प्रत्याशी के साथ की बैठक




**गोड्डा ।** जिला अंतर्गत मेहरमा प्रखंड में धानुक समाज संघ के बैनर तले आयोजित बैठक में महागामा विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दीपिका पांडेय सिंह का स्वागत और अभिनंदन किया गया। बैठक में समाज के लोगों के द्वारा विधानसभा चुनाव में उनका समर्थन देने को लेकर चर्चा हुई और सभी ने एकजुट होकर समर्थन देने का वादा किया। इस मौके पर समाज के कई वरिष्ठ सदस्य और स्थानीय नेता भी मौजूद थे। बैठक में दीपिका पांडेय सिंह ने स्थानीय मुद्दों जैसे शिक्षा, स्वास्थ्य, और रोजगार के अवसर पर बात की। उन्होंने समुदाय के विकास के लिए कांग्रेस की योजनाओं और नीतियों पर भी प्रकाश डाला। वहीं धानुक समाज के दीपक मंडल ने मध्य प्रदेश के तर्ज पर झारखंड में भी धानुक समाज को एसटी का दर्जा देने के लिए मांग किया, जिस पर दीपिका पांडेय ने अपनी सहमति जताई। उन्होंने सामाजिक एकता और राजनीतिक जागरूकता बढ़ाने पर जोर देते हुए उपस्थित लोगों ने आगामी चुनाव में सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं उन्होंने समाज के विकास के लिए सभी से सहयोग की अपील की और विश्वास दिलाया कि यदि वे चुनाव में जीतती हैं, तो वे जनता के हर मुद्दे का समाधान करने का प्रयास करेंगी। इस बैठक ने स्थानीय लोगों के बीच एक नई ऊर्जा और उम्मीद का संचार किया, जिससे उन्होंने आगामी चुनाव में एकजुट होकर अपनी आवाज उठाने का संकल्प लिया।

## घायल व्यक्ति कि इलाज के दौरान मौत

**गोड्डा ।** बसंतराय थाना क्षेत्र अंतर्गत राहा पंचायत के गोरगम्मा गांव निवासी गिरधारी मंडल, उम्र 50 को गांव के ही मंशो मंडल, उम्र 30 वर्ष, किरण देवी, पति मंशो मंडल, गौरी मंडल, उम्र 40 वर्ष, सरिता देवी, पति गौरी मंडल ने बीते शुक्रवार को मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया था। घायल व्यक्ति का इलाज मायागंज अस्पताल में चल रहा था। इलाज के दौरान गिरधारी मंडल कि मौत शनिवार देर रात मायागंज अस्पताल में हो गई। मृतक गिरधारी मंडल मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते थे वह अपने पीछे पत्नी के साथ पांच बेटी और दो बेटा छोड़ गए। जिसमें चार बेटी का शादी हो चुकी है इधर मृतक की पत्नी सुलोचना देवी कि पति के मौत की खबर सुनकर हालात काफी गंभीर हो गई जिसके बाद सुलोचना देवी को बेहतर इलाज के लिए पुलिस की मदद से सदर अस्पताल गोड्डा भेजा गया। मायागंज अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम होने के बाद रविवार को गिरधारी मंडल का शव जब गोरगम्मा गांव पहुंचा तो चित्कार से पुरा गांव में मातम छा गया। मौके पर पहुंची पुलिस से गांव के ग्रामीणों ने शराब माफिया और देशी शराब बनाने वाले के उपर सख्त कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि किसी भी हाल में गांव में शराब का उत्पादन नहीं चाहिए और न ही यहां से देशी शराब कारोबारी को बढ़ावा मिलना चाहिए।

## पुलिस ने मोटरसाइकिल से एक अवैध देशी लोडेड कट्टा किया बरामद, अभियुक्त फरार



**गोड्डा ।** आगामी विधानसभा आम चुनाव के मद्देनजर वरीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार केरकेट्टा, बोआरीजोर थाना, थाना प्रभारी, जिला गोड्डा के अन्य पदाधिकारी एवं सशस्त्र बल के साथ थाना क्षेत्र में आसूचना संकलन, बूथों के निरीक्षण हेतु भ्रमणशील थे। इसी क्रम में जब प्राथमिक विद्यालय कोर्टिका के पास पहुँचे तो सामने से एक लाल रंग के मोटरसाईकिल पर सवार एक व्यक्ति आता हुआ दिखायी दिया, जो अचानक पुलिस गाड़ी को देखकर तेज गति से मोटरसाईकिल घुमाकर भागने का प्रयास करने लगा। मोटरसाईकिल घुमाने के क्रम में उक्त व्यक्ति मोटरसाईकिल सहित फिसलकर रोड पर गिर गया वहाँ से जंगल की ओर भागने लगा। जिसे पुलिस बल द्वारा दौड़ाकर पकड़ने का प्रयास किया गया किन्तु वह जंगल-झाड़ी एवं अंधेरा का लाभ उठाकर भागने में सफल रहा। तत्पश्चात उस व्यक्ति के द्वारा छोड़े गए मोटरसाईकिल की जाँच करने पर उक्त बिना पंजीकरण के मोटरसाईकिल के सीट के नीचे से एक अवैध लोडेड देशी कट्टा बरामद किया गया एवं उक्त मोटरसाईकिल को जप्त किया गया। जिस सन्दर्भ में बोआरीजोर थाना में अज्ञात के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। उक्त छापामारी के दौरान एक देशी कट्टा, 303 एमएम का एक जिन्दा गोली, एक हीरो होण्डा सी0डी0 डिलक्स मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वहीं छापेमारी दल में पुलिस अवर निरीक्षक विजय कुमार केरकेट्टा, थाना प्रभारी, बोआरीजोर, पुलिस अवर निरीक्षक अंकित कुमार झा, बोआरीजोर थाना, सहायक अवर निरीक्षक सिरिल सोरेन, बोआरीजोर थाना एवं बोआरीजोर थाना के सशस्त्र बल मौजूद थे।

## तैलिक साहू समाज के जिला कार्यालय का हुआ उद्घाटन



**गोड्डा ।** जिला मुख्यालय में फसिया डंगाल केंद्रीय विद्यालय के सामने रविवार को तैलिक साहू समाज के केंद्रीय कार्यालय का उद्घाटन किया गया। जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार शाह, पथरगामा के प्रमुख अवधेश शाह, पूर्व महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष नीलम देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया। जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार साह ने जानकारी देते हुए बताया कि इसी कार्यालय के माध्यम से तैलिक साहू उत्थान समिति संबंधी जिले स्तर के हर प्रकार के कार्यों का निष्पादन किया जाएगा। वर्तमान समय में विधानसभा चुनाव के मद्देनजर भी इसी कार्यालय द्वारा बैठक आदि के माध्यम से एक ठोस निर्णय लिया जाएगा। ताकि तैलिक साहू समाज का एक अलग पहचान बन सके। उन्होंने यह भी कहा की पिछले कई दशक से तैलिक साहू समाज लगातार राजनीति सहित अन्य कार्यों में विभिन्न प्रकार की समाज सेवाओं में काम कर रही है।पूरे झारखंड प्रदेश में तैलिक साहू समाज का संगठन बना हुआ है, और विभिन्न प्रकार के सामाजिक कार्यों के अलावे अन्य कार्यों को भी किया जा रहा है। इस अवसर पर जिला महासचिव प्रिंस कुमार, उपाध्यक्ष परमानंद शाह, नागेंद्र शाह, जिला मंत्री मुकेश शाह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज शाह, श्याम शाह, जिला महिला प्रकोष्ठ महामंत्री जूली देवी, परमवीर शाह, परशुराम शाह, अभिमन्यु कुमार, अनुपम कुमार, जितेंद्र शाह, अनमोल कुमार, अजय शाह, राजकुमार शाह सहित दर्जनों तैलिक साहू समाज के सदस्य शामिल थे।

## शातिर मोटरसाइकिल चोर चढ़ा पुलिस के हत्थे, पांच मोटरसाइकिल बरामद




**जामताड़ा ।** गुप्त सूचना पर छापामारी करते हुए जामताड़ा पुलिस ने सोमवार को एक पुराने शातिर मोटरसाइकिल चोर को गिरफ्तार किया है। इस बाबत अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी विकास आनंद लगोरी ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिल खरीद बिक्री करने के बाबत पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। उन्हीं के निर्देश पर मेरे नेतृत्व में टाउन थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेश मंडल, पुलिस अवर निरीक्षक हीरा ठाकुर और लालबाबू के साथ सशस्त्र बल के जवान छापामारी अभियान में शामिल किए गए। बताया कि कर्माटांड़ थाना क्षेत्र के ऊपर भीठरा ग्राम निवासी शहाबुद्दीन मियां को जामताड़ा चितरा कोलयरी मुख्य मार्ग पर नावाडीह गांव के समीप चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया गया। इस छापामारी में कुल पांच मोटरसाइकिल बरामद किए गए हैं। बरामद मोटरसाइकिल में हीरो स्प्लेंडर, हीरो पैशन प्रो, दो ग्लैमर और एक होंडा शाइन शामिल है। इसमें से तीन मोटरसाइकिल धनबाद नंबर का है, एक दुमका नंबर का और एक मोटरसाइकिल पर नंबर प्लेट ही नहीं है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने बताया कि शहाबुद्दीन अंसारी के खिलाफ 2023 में भी मोटरसाइकिल चोरी का एक मामला जामताड़ा थाना में दर्ज है।

## जेएलकेएम प्रत्याशी के रूप में तरुण गुप्ता ने किया नामांकन, कहा बदलाव निश्चित है




**जामताड़ा ।** विधानसभा चुनाव में नामांकन प्रक्रिया के द्वितीय अंतिम दिन जेएलकेएम प्रत्याशी तरुण कुमार गुप्ता ने अनुमंडल न्यायालय भवन भाग संख्या 9 में निर्वाचित पदाधिकारी अनंत कुमार के समक्ष अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया । नामांकन के बाद समर्थकों ने उनका जमकर स्वागत किया । इस मौके पर संबोधित करते हुए तरुण कुमार गुप्ता ने कहा कि जामताड़ा विधानसभा में कोई पार्टी की लड़ाई नहीं है। यहां के आदिवासी मूलवासी के हक और अधिकार की लड़ाई है। जामताड़ा यज्ञ मैदान में सभा का आयोजन किया गया हैं। सभा के माध्यम से लोगों का आशीर्वाद लूंगा। आगे गुप्ता ने कहा कि यह लड़ाई किसी पार्टी की नहीं है जामताड़ा के लोगों के स्वाभिमान की लड़ाई है, यहां के किसान, मजदूर, आने वाले जनरेशन के लिए और अस्मिता की लड़ाई है। इसलिए मैं हर गली में हर घर में जाऊंगा यहां के लोगों से आशीर्वाद लूंगा और मैं निश्चित रूप से कह सकता हूं कि आने वाले समय में जामताड़ा में बदलाव होगा ।

# दुमका जिले के चार विधानसभा में 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन









**दुमका ब्यूरो**

**दुमका।** जिले के अंतर्गत आने वाले चार विधानसभा दुमका विधानसभा, जामा विधानसभा, शिकारीपाडा विधानसभा और जरमुंडी विधानसभा के लिए सोमवार मेगा डे साबित हुआ। 22 प्रत्याशियों ने किया नामांकन।

---------------------

10-दुमका (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 3 प्रत्याशी ने किया नामांकन

1.सोना मुर्मू(निर्दलीय)
2.सुनील सोरेन (भाजपा)
3.मसिचरण किस्कु(निर्दलीय)

---------------------

11-जामा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 4 प्रत्याशी ने किया नामांकन

1.सुरेश मुर्मू(भाजपा)
2.लुईस मरांडी(झामुमो)
3.बिहारी हांसदा(निर्दलीय)
4.राजीव बास्की(निर्दलीय)

-----------------------

जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से 10 प्रत्याशी ने किया नामांकन

12-जरमुंडी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से सोमवार को नामांकन किया।

1. देवेंद्र कुंवर- भारतीय जनता पार्टी
2. दिलीप कुमार दुबे- निर्दलीय
3. ममता वर्मा- निर्दलीय
4. राजीव कुमार- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा
5. धीरज कुमार- निर्दलीय
6. लालमोहन राय- बहुजन समाज पार्टी
7. अमरेंद्र कुमार- समाजवादी पार्टी
8. जुली यादव-निर्दलीय
9. महेंद्र दास- निर्दलीय
10. मो. रजी अहमद- राष्ट्रीय रिपब्लिकन पार्टी

-----------------------

07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से पांच प्रत्याशी पांच प्रत्याशी ने किया नामांकन

1.सुशांति हेम्ब्रम(झारखंड परिवर्तन पार्टी)
2.परितोष सोरेन(भाजपा)
3.प्रेम कुमार हेम्ब्रम(निर्दलीय)
4.पीटर सोरेन (निर्दलीय)
5.जोसेफ बास्की(निर्दलीय)

## दुमका से दो एवं शिकारीपाड़ा से तीन निर्दलीय व झारखंड परिवर्तन पार्टी की प्रत्याशी ने किया नामांकन



**दुमका ।** शिकारीपाड़ा से तीन निर्दलीय एवं झारखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशियों ने नामांकन का पर्चा दाखिल किया, वहीं दुमका से दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया।

10-दुमका अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सोना मुर्मू ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से झारखंड परिवर्तन पार्टी के प्रत्याशी सुशांतिछ हेंब्रम ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी प्रेम कुमार हेम्ब्रम ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी पीटर सोरेन ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

10-दुमका अ.ज.जा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी मसिचरण किस्कु ने निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी को अपना नामांकन पत्र सौंपा एवं 07-शिकारीपाड़ा (अ.ज.जा) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी जोसेफ बास्की ने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता को अपना नामांकन पत्र सौंपा।

## छात्राओं ने मम्मी पापा वोट दो कार्यक्रम के तहत लिखा अपने अभिभावकों को पत्र



**दुमका।** विधानसभा आम चुनाव में वोट को लेकर स्कूली बच्चों के अभिभावकों को जागरुक करने के उद्देश्य से स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्लस टू राजकीय कन्या उच्च विद्यालय दुमका में मम्मी पापा वोट दो अभियान के अंतर्गत छात्राओं के बीच पत्र लेखन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी दुमका भूतनाथ रजवार ने कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं से कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्कूली बच्चों के अभिभावकों को मतदान के लिए जागरूक और प्रेरित करना है। इस क्रम में उन्होंने छात्राओं द्वारा मम्मी पापा वोट दो अभियान के तहत लिखे गए पत्रों का अवलोकन भी किया और उसका महत्व भी समझाया। साथ ही यह भी कहा कि घर जाकर अपने अपने मम्मी पापा को यह पत्र देना है और उनके साथ फोटो लेकर स्वीप के तहत सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड भी करें ताकि दूसरे को भी इससे प्रेरणा मिल सके। प्रखंड विकास पदाधिकारी दुमका उमेश कुमार मंडल एवं अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दुमका सदर अमर कुमार के निदेश के आलोक में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आयोजित इस कार्यक्रम में छठी कक्षा से लेकर बारहवीं कक्षा की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने अपने अभिभावकों को पत्र लिखकर प्रेरित और जागरूक किया कि दुमका में 20 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और लोकतंत्र की मजबूती में भागीदारी निभायें। उक्त कार्यक्रम में प्राचार्य सुनीता टुडू, दुमका सदर स्वीप प्रखंड नोडल सुजाता कर्ण, आंचल भारती एवं सुनीता सोरेन सहित संबंधित विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्राओं ने भाग लिया।

## जरमुंडी विस से सपा प्रत्याशी डॉ. अमरेंद्र कुमार ने साइकिल से जा कर किया नामांकन

**संवाददाता**

**दुमका ।** जरमुंडी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी, राज्य के प्रदेश महासचिव सह देवघर जिला राजद प्रभारी व पूर्व जिला अध्यक्ष राजद डॉ. अमरेंद्र कुमार ने राजद के सभी पदों से त्यागपत्र देकर अखिलेश यादव की समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। समाजवादी पार्टी को झारखंड प्रभारी व्यास जी गोंड और प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव ने डॉ अमरेंद्र को मेदिनीनगर में समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराया, और जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी घोषित करते हुए पार्टी सिम्बल दे दिया है। डॉ अमरेंद्र ने सोमवार को दुमका में निर्वाची पदाधिकारी के समक्ष 11 बजे नामांकन पत्र दाखिल किया. उन्होंने नामांकन साइकिल से जा कर पूरी की. वहीं प्रदेश प्रभारी ने कहा कि समाजवादी पार्टी झारखंड में गंभीरता से चुनाव लड़ रही है. चुनाव



प्रचार करने एवं युवाओं को गोलबंद कर जोश भरने को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई वरीय नेतागण जरमुंडी आये. राष्ट्रीय जनता दल का प्रत्याशी जरमुंडी विधानसभा में नहीं होने से सामाजिक न्याय और एसटी एससी ओबीसी समर्थक और अल्पसंख्यक समुदाय काफी निराश हो गए थे।

## बुजुर्ग महिला का लाश खेत में पड़ा हुआ मिला

**गोपीकांदर।** थाना क्षेत्र अंतर्गत रंगा मिशन गांव से सोमवार को एक बुजुर्ग महिला का लाश खेत में पड़ा हुआ मिला है। बुजुर्ग महिला का लाश रंगा मिशन गांव की 60 वर्षीय बालेश्वरी टुडू के रूप में चिन्हित हुई है। इसकी जानकारी ग्रामीणों ने गोपीकांदर की थाना पुलिस को दिया। सूचना मिलते ही गोपीकांदर थाना के थाना प्रभारी रंजीत मंडल ने दल बल के साथ मौके पर पहुंच कर लाश को अपने कब्जे में ले लिया। थाना पुलिस ने लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सुपुर्द कर दिया गया। परिजन ने बताया कि बुजुर्ग महिला दुर्गापुर में अपने मेहमान के यहां अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए गई थी। वहां से मट्टी देने के बाद वापस अपना घर रंगा मिशन गांव लौट रही थी। शाम को घर नहीं पहुंचने पर दूसरे दिन घरवाले ने महिला की खोजबीन शुरू कर दी। खोजने के क्रम में महिला को रंगा मिशन गांव के कुछ दूरी पर खेत में मृत पड़ी हुई पाया गया।

## 9 व 10 को जमशेदपुर में होगा हैंडबॉल प्रतियोगिता

**दुमका ।** जिला हैंडबॉल एसोसिएशन दुमका के सीनियर टीम का प्रतियोगिता 9 एवं 10 नवंबर को झारखंड राज्य के जमशेदपुर में आयोजित हो रही है जिसमें दुमका जिला के सीनियर टीम के सदस्य प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए जमशेदपुर जाएगी इस आशय की जानकारी एवं अपेक्षित सहयोग के लिए दुमका जिला हैंडबॉल एसोसिएशन के सदस्यों के द्वारा जिला खेल पदाधिकारी तूफान कुमार पोद्दार से मुलाकात की, जिसमें हैंडबॉल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों की कुशलता, अभ्यास के विषय में विस्तृत चर्चा एवं जानकारी प्राप्त किये जिसपर जिला खेल पदाधिकारी श्री पोद्दार ने खिलाड़ियों के आवश्यकताओं एवं संसाधनों के विषय में जानकारी प्राप्त की।

## प्रखंड के सभी विद्यालयों में हुई स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान



**रानीश्वर ।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त दुमका के आदेश अनुसार सोमबार प्रखंड के सभी मध्य एवं उच्च विद्यालयों में स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया हैं ।सहायक निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ राजेश कुमार सिन्हा के आदेश पर बर्ग 6- 12 बर्ग में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने मतदान के महत्वा को लेकर माता पिता को।पत्र लेखन कर मतदान शतप्रतिशत सुनिश्चित करने ,रंगोली , पोस्टर बैनर लगाने को लेकर आयोजित कार्यशाला में शामिल हुआ ।आयोजित कार्यशाला में बीएलओ, रोजगार सेवक , पंचायत सचिव ,प्रधान अध्यापक ,अध्यापक ने बड़चड़ कर भाग लिया है ।

## दो लाईन होटलों में ट्रकों से लोहे की सरिया और पाइप की चोरी का अवैध कारोबार शुरू



**संवाददाता**

**हँसडीहा ।** थाना क्षेत्र के धावाटांड़ स्थिति दो लाईन होटलों में एक बार फिर ट्रकों से लोहे की सरिया और पाइप की चोरी का अवैध कारोबार शुरू हो गया। हँसडीहा दुमका मुख्य मार्ग स्थित होटलों में हो रहें इस अवैध कारोबार से स्थानीय प्रशासन पर सवाल उठने लगें है की कैसे बिना रोकटोक इस धंधे को फिर से स्थापित कर दिया गया। ज्ञात हो की पिछ्ले वर्ष ही तत्कालीन हँसडीहा सर्कल इंस्पेक्टर संजय सुमन के नेतृत्व में यहाँ के दो होटलों पर पुलिस ने बड़ी मात्रा में लोहे की सरिया को बरामद कर होटल संचालक को जेल भेजा था। जिसके बाद से ही कारोबारी यहाँ से अपने कारोबार को समेत दूसरे क्षेत्र में ले गया था। लेकिन इस चुनावी मौसम के बीच फिर से इस अवैध कारोबार का शुरू होना क्षेत्र में चर्चा का विषय बन गया है। यहाँ रोजाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले ट्रकों से लोहे की चोरी खुलेआम हो रही है। मामलें को लेकर जब हँसडीहा थाना प्रभारी को फोन किया गया तो उन्होंने फोन उठाना मुनासीब नहीं समझा। लेकिन व्हाट्सप्प कॉल में उन्होंने कहा की उन्हें ऐसी कोई जानकारी नहीं है। अब मुख्य मार्ग पर ऐसे अवैध कामों की अगर थाना प्रभारी को ही जानकारी नहीं है तो लोग प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाएंगे ही।

## नामांकन से पूर्व विभिन्न दलों के प्रत्याशियों ने बासुकीनाथ में की पूजा



**संवाददाता**

**जरमुंडी ।** विधानसभा आमचुनाव 2024 के लिए नामांकन हेतु जाने से पूर्व विभिन्न पार्टियों के उम्मीदवार सोमवार को बासुकीनाथ मंदिर पहुंचे और ज्योतिर्मय भगवान नागेश बासुकीनाथ की पूजा अर्चना कर जीत की कामना की। सोमवार को नामांकन से पूर्व बासुकीनाथ में पूजा अर्चना करने आए उम्मीदवारों में भाजपा के प्रत्याशियों में जामताड़ा से प्रत्याशी सीता सोरेन, जरमुंडी से प्रत्याशी देवेंद्र कुंवर, जामा से सुरेश मुर्मू और गोड्डा विधानसभा से राजद के महागठबंधन प्रत्याशी संजय यादव शामिल रहे। सभी प्रत्याशियों ने बाबा बासुकीनाथ के प्रधान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना कर माता पार्वती , माता काली और शत्रुओं पर विजय दिलानेवाली राजराजेश्वरी पीतांबरा भगवती बगलामुखी के मंदिरों में भी विशेष पूजा अर्चना और आरती की। इस अवसर विभिन्न प्रत्याशियों के साथ उनके समर्थक और करीबी मौजूद रहे।

## दाना चक्रवात ने किसानों के धान की फसलों को किया नुकसान



**मसलिया ।** मसलिया प्रखंड क्षेत्र में बीते दिनों में आए दाना नामक चक्रवात ने किसानों के धान की फसलों पर खासा असर डाला है। जिसमें फूटे हुए धान की फसल नीचे खेत में गिर गया है। मसलिया प्रखंड के ग्राम पंचायत के किसान जयदेव महतो के चार कट्ठा में लगी धान की फसल गिरने से खासा नुकसान हुआ है । वहीं मसानजोर पंचायत के रंगामटिया गांव के किसान समान कुमार यादव का धान की खेती भी आंशिक रूप से नष्ट हुआ है। गोलबंधा पंचायत के बाघरायडीह के किसान रामजी सोरेन का भी खेत में लगे धन गिर गया है। उन्होंने बताया कि तीन कट्ठा जमीन में लगी धान की फसल नीचे गिर गई वह फसल बर्बाद ही हो जाएगा। बताया जा रहा है कि यह धान अभी पूर्ण रूप से फूटा नहीं था। और इसी क्रम में नीचे गिर जाने से धान की बाली सड़ सकता है । किसानों का कहना है कि इस स्थिति में धान गिरा है कि उसे काटा भी नहीं जा सकता है। किसानों ने सरकार से उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

## विभिन्न राजनैतिक दलों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने थामा झामुमो का दामन

**संवाददाता**

**काठीकुंड ।** विधानसभा चुनाव को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं भारतीय जनता पार्टी ने शिकारीपाड़ा विस सीट के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। भाजपा से परितोष सोरेन तो झामुमो से आलोक सोरेन को प्रत्याशी बनाया गया है। आलोक सोरेन ने नामांकन दाखिल कर दिया है वहीं परितोष सोरेन सोमवार को नामांकन दाखिल करेंगे। बताते चलें कि नामांकन के बाद विभिन्न दलों के कार्यकताओं का झामुमो में योगदान करने का सिलसिला जारी है। प्रखंड के तेलियाचक बाजार के विभिन्न राजनैतिक दलों के 32 कार्यकर्ताओं ने सोमवार को झामुमो का दामन थाम लिया। सोमवार को झामुमो प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन के काठीकुंड स्थित आवास पर बाजार के 32 कार्यकर्ताओ कार्तिक मंडल , कुणाल मंडल, संतोष मंडल, दिनेश पाल, महांतो पाल, भुलु मंडल, लाल मोहन पाल, कमला मंडल, सुनील पाल, पंचानन मंडल,



बमशंकर मंडल, गुनु मंडल, लक्ष्मण मंडल, रोबिन मंडल, विशवानाथ पाल, प्रशांत मंडल, खुबलाल मंडल, कृष्णा मंडल, प्रदीप पाल, छोटा रोबिन मंडल, दुलाल पाल, सुनील मंडल, चंदन पाल, शेखर मुरमू , कालो मंडल, शिवशंकर चालक, किशोर कुमार मंडल, दुलाल मंडल, प्रेमलाल मंडल एवं शलन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया। झामुमो मौके पर प्रत्याशी आलोक कुमार सोरेन ,सांसद प्रतिनिधि जोन सोरेन एवं प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल जब्बार अंसारी ने पार्टी का पट्टा पहनाकर व बुके देकर सभी का झामुमो में स्वागत किया। अवसर पर झामुमो प्रत्याशी आलोक सोरेन ने लोगों से आग्रह किया कि जाती-पाती का भेदभाव भूलकर राज्य की प्रगति के लिए काम करें। उन्होंने कहा कि हम चाहेंगे कि राज्य की उन्नति के लिए हमारा साथ दिजिए।

## जल, जंगल,जमीन की सुरक्षा को लेकर प्रभावित गांवों में किया जा रहा ग्राम सभा संगठन को सशक्त

**संवाददाता**

**काठीकुंड ।** सूबे की उपराजधानी दुमका के शिकारीपाड़ा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत काठीकुंड प्रखंड में जल, जंगल व जमीन की रक्षा हमेशा से ही बड़ा मुद्दा रहा है। इस क्षेत्र में जल जंगल जमीन की रक्षा को लेकर ग्रामीण लंबे अरसे से लड़ाई लड़ रहे हैं। काठीकुंड में ग्रामीणों ने इसके लिए तीन संगठन का गठन किया है, जिसमें जल जंगल जमीन रक्षा समिति, महा ग्राम सभा संगठन एवं जमीन रक्षा समिति शामिल हैं। काठीकुंड अंचल क्षेत्र के बड़तल्ला, झिकरा, धावाडंगाल एवं बिछियापहाडी पंचायत के 42 गांव बलिया, बरमसिया, भालकी, आसनबनी, चिचरो, पाटसिमल, बुटबडिया, घासीपुर, बेलबुनी, खिलौडी, घुमनाही, मोहनपुर, सालदाहा, झिकरा, दलदली, पोखरिया, सरसाबाद, आमगाछी, समेत कई गांव कोल ब्लॉक प्रभावित है, जबकि शिकारीपाड़ा अंचल के 52 गांव कोल ब्लॉक प्रभावित क्षेत्र है। जिसमें केंदपहाडी, अमरपानी, भुगतानडीह, खाडुकादमा, गंधरपुर, हलदीपहाडी,



सिमनीजोड समेत कई गांव शामिल हैं। उक्त कोल ब्लॉक प्रभावित गांवों में कोयला खनन को लेकर कई बार आवंटित कंपनी ने क्षेत्र में जाकर सर्वे, टेस्टिंग का कार्य करने की कोशिश भी की, जल जंगल जमीन रक्षा समिति इसका पुरजोर विरोध करती आ रही है, और अभी भी जल जंगल जमीन को लेकर लड़ाई लड़ रही हैं। सामाजिक नेत्री श्रीमती मुनी हांसदा ने कोलकाता स्थित आरपीजी के स्वामित्व वाली कंपनी सीईएससी लिमिटेड ( कलकत्ता एनजी सप्लाई कंपनी) द्वारा प्रस्तावित थर्मल पावर प्लांट के खिलाफ काठीकुंड और शिकारीपाड़ा में आंदोलन का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है। आमगाछी, पोखरिया, दलदली गांव में 1000 मेगावाट का प्लांट लगाने का प्रस्ताव था और 15 सितंबर 2005 को झारखंड सरकार के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया था।

बताते चलें कि दुमका जिला के काठीकुंड एवं शिकारीपाड़ा इलाके में कोयला का अकूत भंडार है। कोयला मंत्रालय ने इस क्षेत्र में 15 कोल ब्लॉक चिन्हित कर रखा है बल्कि उनमें सात कोल ब्लॉक विभिन्न कंपनियों को आवंटित भी किया है। इनमें से चार ब्लांक ईसीएल को मिले है। जबकि तीन कोल ब्लॉक उत्तर प्रदेश और हरियाणा की बिजली उत्पादन कंपनियों को आवंटित है। एक भी कोल ब्लॉक चालू नहीं हो सका है।

स्वामी, प्रकाशक,मुद्रक एवं संपादक अशोक कुमार द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस,धनबाद गोविंदपुर मेन रोड अशोक नगर, केजी आश्रम,गोसाईडीह धनबाद झारखंड से मुद्रित तथा संताल एक्सप्रेस कार्यालय दंगालपाड़ा, हिजला रोड, दुमका (झारखंड)से प्रकाशित,RNI NO. JHABIL/2018/76383, सलाहकार संपादक चंदन मिश्र, प्रबंध संपादक सिद्धार्थ कुमार, स्थानीय संपादक चुण्डा सोरेन 'सिपाही' फोन न. 7367009287, 9771486686